श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 219, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 8 सितंबर 2023 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'सभी देश अखंडता-संप्रभुता बनाए रखें'

### पीएम मोदी ने सभी देशों से अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए संयुक्त प्रयास करने को कहा, इशारों में चीन पर साधा निशाना

**जकार्ता:** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में दक्षिण चीन सागर के लिए प्रभावी आचार संहिता को जरूरी करार दिया। मोदी की इस दो टूक बात को दक्षिण चीन सागर में लगातार घुसपैठ की कोशिश कर रहे चीन पर सीधा हमला माना जा रहा है। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सभी देशों से अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए संयुक्त प्रयास करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि दक्षिण चीन सागर के लिए आचार संहिता प्रभावी होना चाहिए और यह संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के अनुरूप होनी चाहिए। साथ ही इसमें उन देशों के हितों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए जो चर्चा का हिस्सा नहीं हैं। मोदी ने कहा कि क्षेत्र के सभी देशों की हिंद-प्रशांत में शांति, सुरक्षा और समृद्धि में रुचि है। ऐसे में समय की मांग एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की है, जहां यूएनसीएलओएस सहित अंतरराष्ट्रीय कानून सभी देशों पर समान रूप से लागू हो। जहां नौपरिवहन और ऊपर से उड़ान की स्वतंत्रता हो और जहां सभी के लाभ के लिए बेरोकटोक वैध व्यापार हो। भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य कठिन परिस्थितियों और अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। आतंकवाद, उग्रवाद और भू-राजनीतिक संघर्ष हम सभी के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। इनका सामना करने के लिए बहुपक्षवाद और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था महत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह से पालन करना आवश्यक है। साथ ही सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को मजबूत करने के लिए सभी की प्रतिबद्धता और संयुक्त प्रयास भी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आज का युग युद्ध का नहीं है। वे यह बात पहले भी कह चुके हैं कि बातचीत और कूटनीति ही समाधान का एकमात्र रास्ता है।



## भाजपा चीन के लिए बना सिरदर्द

**कुछ** वर्षों से जी20 की बैठकों के प्रति चीन का रूख सकारात्मक नहीं रहा है। गत वर्ष इंडोनेशिया के बाली में हुए जी20 शिखर सम्मेलन में सदस्य राष्ट्रों द्वारा किसी एक मुद्दे पर सहमति वाला बयान जारी करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती दूरी का असर, शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर देखने को मिला। चीन का मकसद है कि वह कारोबार और डिजिटल के मामले में अमेरिका को पछाड़ दे। दोनों महाशक्तियों के बीच चल रही खींचतान में ही भारत ने खुद के लिए पांच ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया है। भारत और अमेरिका का ताइवान के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर, चीन को रास नहीं आ रहा। अमेरिका ने जब चीन के एक मानवरहित गुब्बारे को गिराया तो दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। जी20 सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति की उपस्थिति से भारत, पश्चिमी देशों के साथ विकास के कई मुद्दों पर चर्चा कर सकता है।

## अफ्रीकी संघ को जी20 में शामिल करने के लिए चीन हुआ राजी

**नई दिल्ली:** चीन ने गुरुवार को जी20 में अफ्रीकी संघ (एयू) को जी20 में शामिल करने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने कहा कि वह जी20 में अफ्रीकी ब्लॉक को शामिल करने के लिए समर्थन करने वाला पहला देश है। एक इंटरव्यू के दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'भारत 20 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह में अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्य के तौर पर शामिल करने का समर्थन करता है, क्योंकि कोई भी योजना सभी देशों के प्रतिनिधित्व और मान्यता के बिना सफल नहीं हो सकती है।'



चीन ने किया समर्थनः चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि एयू को नई दिल्ली में आयोजित जी 20 शिखर सम्मेलन में शामिल किया जाएगा। इसका समर्थन करने वाला पहला देश चीन है। उन्होंने आगे कहा कि चीन अफ्रीकी संघ को इस समूह का पूर्ण सदस्यता देने के समर्थन में है। माओ ने कहा कि चीन और एयू एक साथ भविष्य में अंतरराष्ट्रीय समानता और न्याय की सुरक्षा में महत्वपूर्ण पार्टनर है। पीएम मोदी अफ्रीकी संघ के जी20 में सदस्यता के मुद्दे पर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। जून में पीएम मोदी ने नई दिल्ली में होने वाले शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्यता देने के लिए जी20 के सभी नेताओं को खत लिखा था।

## भारत ने अमेरिका के आधा दर्जन उत्पादों से अतिरिक्त शुल्क हटाया



**नई दिल्ली**

**जी-20 शिखर** सम्मेलन के पहले भारत ने बड़ा कदम उठाया है। भारत ने अमेरिका के चना, दाल और सेब सहित करीब आधा दर्जन उत्पादों पर 2019 में लगाया गया अतिरिक्त शुल्क हटा दिया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक भारत ने यह कदम अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आने से पहले उठाया है। वित्त मंत्रालय ने पांच सितंबर को इससे संबंधित एक अधिसूचना जारी की है। बाइडन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। अधिसूचना के मुताबिक इन उत्पादों में चना, मसूर (दाल), सेब, छिलके वाले अखरोट और ताजे या सूखे बादाम के साथ ही छिलके वाले बादाम पर शुल्क हटाने की जानकारी दी गई है। अमेरिका द्वारा भारत के कुछ इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने के फैसले के जवाब में भारत ने 2019 में अमेरिका के 28 उत्पादों पर यह शुल्क लगाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जून महीने में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर दोनों देशों ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में छह विवादों को खत्म करने और अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिक्रिया स्वरूप लगाए गए शुल्क को हटाने का फैसला लिया था।

## जी 20: मौसम की सटीक जानकारी के लिए तैयार किया गया वेबपेज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 9 और 0 सितंबर को होने जा रहे जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान मौसम की सटीक जानकारी देने के लिए विशेष रूप से एक वेबपेज तैयार किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली के नौ स्थानों की मौसम की जानकारी इस पेज पर साझा करेगा। इसके साथ मौसम विभाग ने 9 और 10 सितंबर को हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार 7 सितबंर यानी आज अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। आज दिन में बादल छाए रह सकते हैं। आईएमडी वैज्ञानिक सोमा सेन ने गुरुवार को बताया कि विभाग 7 से 10 सितंबर तक दिल्ली के लिए विस्तृत मौसम पूवार्नुमान उपलब्ध कराने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है। इसके लिए एक अलग वेबपेज भी बनाया गया है। इस वेबपेज में दिल्ली के 9 स्थानों के लिए विस्तृत मौसम पूवार्नुमान दशार्या गया है। इनमें आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन,चांदनी चौक, अक्षरधाम मंदिर, बहाई मंदिर, कुतुब मीनार, राजघाट, लालकिला, दिल्ली विश्वविद्यालय और लोधी रोड शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में इन स्थानों पर जी 20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों के सबसे अधिक आने की उम्मीद है। वेबपेज पर आर्द्रता, तापमान, हवा की गति और हवा की दिशा सहित वर्तमान मौसम की स्थिति के बारे में जानकारी होगी। यह पूवार्नुमान तीन घंटे के लिए वैध होगा।

## भारत के लिए गौरव का विषय है जी-20 की अध्यक्षता : तोमर

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत के लिए जी-20 का आयोजन गौरव की बात है। इस आयोजन से देश में खुशी की लहर है। हम सभी भारतवासी जी-20 के नेताओं का स्वागत करते हैं। तोमर ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि जी-20 की अध्यक्षता हर भारतीय के लिए गौरव का विषय है। हमारे देश की साख दुनिया में बढ़ रही है।



आगामी जी20 शिखर सम्मेलन से पहले प्रगति मैदान में भारत मंडपम में रोशनी से चकाचौंध की झलक।

## भारत का विरोध करने वाले पढ़ें संविधान: विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**नई दिल्ली:** जी-20 शिखर सम्मेलन के अतिथियों को राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए रात्रिभोज के निमंत्रण पत्र पर 'प्रेसिडेंट आफ भारत' लिखने के बाद विपक्षी दलों की टिप्पणियों के लिए उन पर निशाना साधते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा, 'इंडिया जो भारत है' संविधान में लिखा है और वह चाहते हैं कि हर व्यक्ति इसे पढ़े। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत शब्द का अभिप्राय संविधान में प्रतिबिंबित भी होता है। उनसे इस संदर्भ में विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया के बारे में सवाल किया गया था और यह भी पूछा गया था कि क्या सरकार जी-20 शिखर सम्मेलन के जरिये 'भारत' को 'इंडिया' की जगह प्रतिस्थापित करने जा रही है। देश के विभिन्न हिस्सों में जी-20 कार्यक्रमों के आयोजन के सरकार के प्रयासों के बारे में जयशंकर ने कहा, यह जरूरी है कि आज का भारत बेहतर वैश्विक जागरूकता विकसित करे। ऐसा इसलिए किया गया ताकि विभिन्न शहर, विभिन्न राज्य, विभिन्न पेशेवर और पीढ़ियां एक तरह की हिस्सेदारी महसूस करें और यह सिर्फ जी-20 तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक अलग दुनिया है, एक अलग भारत है। यह एक अलग प्रधानमंत्री हैं। यह एक अलग सरकार है। और इसीलिए आप वह सब देख रहे हैं जो आपने अतीत में नहीं देखा। जी-20 शिखर सम्मेलन पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के छा जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने आश्वस्त किया कि सब कुछ सुचारू रूप से होगा। उन्होंने कहा, हम भारत हैं। हम



## ब्रज में आनंद भयौ, जय यशोदा लाल की...



### श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर कान्हा के प्राकट्य होने पर बज उठे घंटे घड़ियाल, ढोल-नगाड़े, झांझ मजीरे और मृदंग

**मथुरा।** गुरुवार रात 12 बजते ही मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर घंटे घड़ियाल, ढोल-नगाड़े, झांझ-मजीरे और मृदंग बज उठे। शंख की आवाज के साथ मंगल ध्वनि गूंजने लगीं।

ब्रज में आनंद भयौ, जय यशोदा लाल की... जयकारों के साथ ही कृष्ण भक्त नाच उठे। संपूर्ण मंदिर परिसर अजन्मे के जन्म के उत्साह में सराबोर हो गया। तिथि अष्टमी भाद्रपद, जन्मे कृष्ण मुरार, प्रगटे आधी रात को सोये पहरेदार के पद की गूंज सुनाई देने लगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर हजारों भक्त इन पलों में ठाकुरजी के दर्शन के साझी बनकर स्वयं को धन्य मान रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्मस्थान के भागवत भवन में रात्रि 11 बजे श्रीगणेष-नवग्रह आदि पूजन से आरंभ हुआ। 1008 कमल-पुष्पों से ठाकुरजी का सहस्त्रार्चन करते हुए ठीक बारह बजे भगवान के प्राकट्य के साथ संपूर्ण मंदिर परिसर में के साथ संपूर्ण मंदिर परिसर में बज उठेंगे ढोल-नगाड़े, झांझ-मंजीरे, मृदंग साथ ही हरिबाल के साथ नाच उठेंगे। असंख्य भक्तजन-संत एवं संस्थान के अध्यक्ष नृत्यगोपालदास महाराज की उपस्थिति में भगवान के जन्म की महाआरती शुरू हुई, जो 12:05 बजे तक चली।

## कट्टरपंथ किसी भी रूप में स्वीकार नहीं: ऋषि सुनक

**नई दिल्ली :** ब्रिटेन में खालिस्तानी गतिविधियों के कारण भारत की चिंताएं बढ़ने पर ब्रिटिश पीएम सुनक ने कहा कि कट्टरपंथ किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है। मेरी सरकार का यह दायित्व है कि विभाजनकारी विचारधाराओं के खिलाफ पूरी गंभीरता से कड़ी कार्रवाई करे। ब्रिटेन भारत सरकार में अपने साझीदारों के साथ खालिस्तान समर्थक कट्टरवाद के खतरे से निपटने के लिए पूरा सहयोग कर रहा है।

**सुनक ने की पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना:** ब्रिटेन में कट्टरवाद को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया गया है। ब्रिटिश पुलिस ऐसे किसी भी अलगाववाद से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि कानून के दायरे में किए जाने वाले प्रदर्शनों को हिंसक या डराने वाला नहीं होना चाहिए। ब्रिटेन में भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि भारत की विविधता और उसकी असाधारण सफलताओं का अर्थ है कि जी20 की अध्यक्षता के लिए वह 'सही समय' पर 'सही देश' है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले साल के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि भारत को जी20 की अध्यक्षता ऐसे समय मिली जब विश्व कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऋषि सुनक ने भारत दौरे पर आने से पहले कहा, 'मैं पिछले वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करता हूं और भारत जिस प्रकार वैश्विक नेतृत्व कर रहा है, उसे देखना अद्भुत है।'

## योगी सरकार का 3 महीने में निराश्रित गोवंश का संरक्षण करने के निर्देश

लखनऊः योगी सरकार ने प्रदेश में अगले 3 माह के अंदर निराश्रित गोवंश के संरक्षण के आदेश दिए हैं। बीते दिनों आगरा, सुल्तानपुर एवं पीलीभीत जैसे जनपदों में हुई घटनाओं का संज्ञान लेते हुए सरकार ने कड़े शब्दों में कहा है कि ऐसी घटनाओं की आगे पुनरावृति न हो। उल्लेखनीय है कि सरकारी आंकड़ों में अभी भी लगभग 2.5 से 3 लाख निराश्रित गोवंश होने की जानकारी है।

इसी कड़ी में योगी सरकार ने सभी के संरक्षण के निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बैठक में कहा कि अगले 3 महीने में निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जाए। साथ ही घटनाओं की पुनरावृति न हो। पंचायतों द्वारा नगरीय क्षेत्रों में संरक्षित गोवंशों में पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जाए।

## 'सीमा पर आधारभूत संरचना के मामले में हम चीन से आगे होंगे'

**नई दिल्ली: सीमा सड़क संगठन के** महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी के अनुसार दो से तीन साल या शायद चार साल में हम सीमाओं पर सड़कों, पुलों, सुरंगों और हवाई क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे के मामले में चीन से बहुत आगे होंगे।

सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक ने कहा, "12 सितंबर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जम्मू क्षेत्र जा रहे हैं और हमारी 90 परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे, जिनमें 22 सड़कें, 63 पुल, अरुणाचल में एक सुरंग और दो रणनीतिक हवाई क्षेत्र, बागडोगरा और बैरकपुर और दो हेलीपैड, एक राजस्थान में और एक लद्दाख में ससोमा-सेसर ला के बीच शामिल हैं। उन्होंने कहा, "दिसंबर तक हम 60 अन्य परियोजनाओं को पूरा करेंगे।" लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने कहा कि इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 6,000 करोड़ रुपये होगी और संख्या 150 से 160 होगी। उन्होंने कहा कि इसलिए यह राष्ट्र के लिए एक महान क्षण है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में इतनी सारी परियोजनाएं बनाई जा रही हैं और यह हमारी सेना के सुरक्षा मैट्रिक्स को मजबूत कर रही है ताकि वे यथासंभव आगे तैनात हो सकें और किसी भी महत्वपूर्ण स्थिति पर नजर बनाकर रख सकें। सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी कहते हैं, "... दो से तीन साल या शायद चार साल में हम सड़कों, पुलों, सुरंगों और हवाई क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे में सीमाओं पर चीन से बहुत आगे होंगे।" सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने कहा, "12 सितंबर को 90 परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया जा रहा है। इनमें से 26 लद्दाख में और 36 अरुणाचल में हैं। हमारा ध्यान पूरी तरह से इन दो राज्यों पर है और हम इन दो राज्यों में बहुत आगे हैं और बहुत तेजी से परियोजनाओं का काम आगे बढ़ा रहे हैं ताकि वास्तव में चीन से मुकाबला किया जा सके। उन्होंने कहा कि मेरा मामना है कि हम सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने के मामले में हम अगले दो से तीन वर्षों में चीन से आगे होंगे। सीमा सड़क संगठन के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चौधरी ने कहा, "हम अगले 20 दिनों में सेला सुरंग को पूरा कर लेंगे। यह सुरंग 13,000 फीट और उससे अधिक ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सुरंग होगी। हम शिंकू ला सुरंग की योजना के अंतिम चरण में हैं। यह सुरंग हिमाचल प्रदेश में जांस्कर - लाहौल-स्पीति को जोड़ती है और यह सुरंग पूरी होने पर दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। आज सबसे ऊंची सुरंग चीन में मिला सुरंग है, जो 15,500 फीट पर है। यह सुरंग पूरी होने पर 15,855 फीट की ऊंचाई पर होगी।




----

## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से बालक की मौत

**मऊआइमा।** खंबे में स्टे तार में उतरे करंट की चपेट में आकर बालक की मौत हो गई। इससे घर में कोहराम मच गया। मऊआइमा के गमरहटा निवासी राजेश कुमार का बेटा प्रियांशु (8) गुरुवार की शाम घर से कुछ दूर पर खड़ा था। इस दौरान खंभे में लगे स्टे तार को छू गया। उसमें उतरे करंट की चपेट में आकर प्रियांशु की मौत हो गई। घटना से घर में कोहराम मच गया। परिजनों करो होकर बुरा हाल हो गया।

### महिला के साथ छेड़खानी व मारपीट, सात पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में एक महिला के आवासीय पट्टे की भूमि पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था। विरोध करने पर मारा पीटा गया। बीच बचाव में आई महिला की भाभी को भी मार पीट कर घायल कर दिया गया। महिला ने थाने में सात के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मऊ दोस्त पुर गांव निवासिनि एक महिला का आरोप है कि 10 वर्ष पूर्व महिला के पति को आवासीय पट्टा मिला है। जिस पर दबंग विपक्षियों द्वारा धान की रोपाई कर रहे थे। आरोप है कि मना करने पर महिला को एक राय हो कर लाठी डंडो से मार पीट कर जख्मी कर अपने घर मे उठा ले गये। और छेड़खानी किये चीख पुकार सुन कर बीच बचाव करने पहुची महिला की भाभी को भी लाठी डंडो से पीट पाट जख्मी कर दिए।

# नदी में बहे युवक की हत्या कर शव फेंकने का आरोप

## युवक को खोजने में जुटी खीरी पुलिस व गोताखोरों की टीम, फूफा के घर जारी बाजार से कौंदी में बाइक लेने आया था युवक

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** खीरी थाना क्षेत्र के कौंदी गांव में एक सनसनी खेज वारदात प्रकाश में आई है। एक पक्ष का आरोप है कि युवक भाग रहा था और भागते भागते नदी में कूद गया और तेज बहाव में बह गया। जबकि युवक के परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या कर उसके शव को नदी में फेंक दिया गया है। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस व गोताखोरों की टीम कौंदी गांव के पास टोंस नदी में युवक की तलाश कर रही है। समाचार लिखे जाने तक युवक बरामद नहीं हो सका था। जानकारी के मुताबिक कुलदीप शर्मा पुत्र छेदीलाल शर्मा निवासी जारी बाजार खीरी थाना क्षेत्र के कौंदी गांव निवासी अपने फूफा भाईलाल शर्मा के घर पहले से खड़ी अपनी बाइक लेने आया हुआ था। फूफा पक्ष भाई लाल शर्मा का कहना है कि वह किसी कारण से घर से भागने लगा। भागते भागते नदी में कूद गया तेज बहाव होने के कारण वह नदी में ही बह गया। जबकि मृतक के भाई व परिजनों का आरोप है कि हत्या कर उसके शव को नदी में फेंक दिया गया। मौके पर खीरी पुलिस व गोताखोरों की टीम नदी में युवक की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक सप्ताह भर पूर्व अपने फूफा के घर आया हुआ था जहां से ग्रामीण उसे चोर चोर कह कर दौड़ा लिया था। वह अपनी बाइक फूफा के घर छोड़ घर चला गया था। जिससे उसकी बाइक उसके फूफा के घर ही छूट गई थी। गुरुवार को सुबह फूफा भाई लाल शर्मा के बेटे के द्वारा कुलदीप को फोन कर बाइक उठा ले जाने की बात कही गई। सुबह 10 बजे के आसपास कुलदीप कौंदी अपने फूफा के घर आया। जिसके बाद वह नदी में कैसे पहुंचा नदी में वह जीवित कूदा है या मृत फेंका गया है। यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। समाचार लिखे जाने तक पुलिस व गोताखोरों की टीम नदी में युवक की तलाश में जुटी रही।

### अवैध संबंध की रही चर्चा

नदी में बह गए अथवा फेके गए युवक की खोजबीन के दौरान ग्रामीण आपस में अवैध संबंध होने की भी चर्चा कर रहे थे। इतना ही नहीं ग्रामीणों में चर्चा थी कि युवक को दौड़ाया गया था और वह टोंस नदी में खुद पुल से नीचे गिर गया। इसके बाद से पुलिस वोताखोरों की टीम युवक की तलाश में जुटी है। खीरी पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने व युवक के बरामद होने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



**सहसों।** नव नियुक्त कांग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष का सिंगरामऊ गांव के सामने पार्टी कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी का राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिगरामऊ गांव के सामने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता देवराज उपाध्याय की अगुवाई में माला फूल से लादकर कार्यकताओं ने भव्य स्वागत अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष वाराणसी से कौशांबी जा रहे थे। कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले वर्ष 7 जून 2022 को राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाल कर पूरे देश दुनिया को अमन और शांति का संदेश दिया था। आज देश में बेरोजगारी महंगाई चरम पर है। किसान परेशान हैं ऐसे स्थिति में कांग्रेस पार्टी ही देश को बचा सकती है। भाजपा के कुशासन से कांग्रेस ही लड़ सकती है। इस अवसर पर अजीत पांडे, अमन मिश्रा भीम, शोभा मिश्रा, राजू पांडे, गजेंद्र मिश्रा, राहुल तिवारी, विपिन तिवारी, पिंटू मिश्रा, वीरेंद्र मिश्रा, सचिन मिश्रा, धाकड़,भाईलाल, गुलाब, दीपू मिश्रा, कुंज बिहारी मिश्रा, संतोष मिश्रा सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं का समाधान पहली प्राथमिकता : डा. रीता जोशी

## प्रयागराज सांसद ने कपड़ौरा में लगाई जन चौपाल, आमजन से मिलकर सुनीं समस्याएं

अखंड भारत संदेश



**बारा।** सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने गुरुवार को जनचौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। आम जन से संवाद करते हुए सांसद ने कहा कि लोगों की समस्याओं का निदान भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता है। इस दिशा में लगातार प्रयास जारी है। विकास योजनाओं को जन-जन के बीच पहुंचाने का हमारा पूरा प्रयास रहा है। विकास खंड शंकरगढ़ के ग्राम कपड़ौरा में आयोजित जन चौपाल में उन्होंने कहा कि लोगों को जन विकास योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इसके लिए सांसद निधि से अनेक कार्यक्रम, जहां भी आवश्यकता थी, वहां सुविधा प्रदान की गई। इस क्रम में उन्होंने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक होने की बात कही। जन संवाद का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रमणि मिश्र ने किया। इस दौरान कुलदीप पाठक ने अनेक समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद प्रतिनिधि संतप्रसाद पांडेय ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याएं अतिशीघ्र दूर की जाएंगी। इस मौके पर समाजसेवी जीत बहादुर सिंह, लोकनाथ पांडेय, रामायण शुक्ल, महेश त्रिपाठी, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष महेंद्र कुमार शुक्ल, प्यारे मोहन शुक्ल, चंद्रशेखर मिश्र, पृथ्वीराज साहू, प्रधान झंझरा चौबे ज्ञानू महाराज, शिव सजीवन त्रिपाठी, विजय शंकर शुक्ल, रामगरीब पांडेय, परमेश्वर नाथ पाठक, बाबा पाठक सहित भारी तादाद में लोग मौजूद रहे। जन चौपाल कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह एवं चौकी प्रभारी नारी बारी संतोष सिंह भी मौजूद रहे। दूसरी तरफ ग्राम कपड़ौरा में वरिष्ठ समाजसेवी अर्कनाथ ठाकुर के द्वारा जनमाष्टमी पर आयोजित दो दिवसीय मानस पाठ एवं सर्वहारा भंडारा में सांसद डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी मौजूद रहीं। इस दौरान सांसद ने लोगों के साथ महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ कवि प्रमोद बाबू झा ने किया।



### आंधी पानी में चाय नास्ता की दुकान पर पेड़ गिरने से तीन लोग घायल हो गये

**जसरा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा ब्लाक बीती रात साढ़े नौ बजे आंधी पानी में एक चाय नास्ता की दुकान पर पेड़ गिरने से तीन लोग घायल हो गये जब कि दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। दुकान मालिक पेड़ की सूचना वन विभाग को दे दिया है। बुधवार की रात को अचानक आए आंधी-तूफान ने रस्तोगी नर्सिंग होम के बगल चाय नास्ता की दुकान पर अचानक पेड़ के गिर जाने से दुकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं बगल के तीन लोग सब्जी बिक्रेता दानबहादुर पटेल व दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल रस्तोगी नर्सिंग होम जसरा में भर्ती किया गया। जब कि चाय नास्ता दुकानदार बसंत लाल साहू ने गुरुवार की सुबह दुकान पर गिरे हुए कहुआ के पेड़ को काट कर बाहर करके वन विभाग को सूचना दे दिया है।

# मंदिरो में साजो -सज्जा के साथ धूम-धाम से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव

अखंड भारत संदेश



**जारी।** सुबह से जुटे श्री कृष्ण महोत्सव की तैयारियों में भक्तों ने जारी के प्राचीन बड़े हनुमान जी के मंदिर परिसर में महंत बाबा बालक दास ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी परंपरागत मंदिर को अलौकिक साजो सज्जा के साथ मंदिर को पूरी तरह फूल मालाओं और रंग-बिरंगे रोशनी से पूरे मंदिर प्रांगण को सजाया गया और देर रात्रि 12:00 बजे नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जय घोष के साथ भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव को मनाया कीर्तन भजन और आरती की गई ।और भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इसी तरह सुबह से जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर जारी चौकी शैलेंद्र कुमार यादव श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर परिसर को लाइटिंग से सजाकर सुंदर बनाई चौकी। बता दे कि जारी के बड़े हनुमान जी के मंदिर मे जन्म उत्सव को लेकर सांस्कृतिक जागरण कृष्ण लीलाओं का मंचन की झांकियों को दिखाया गया ।कार्यक्रम का आयोजन देर रात्रि तक चला इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा कृष्ण के भेष में कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्या महिलाएं क्या बच्चे सभी लोगों ने भक्ति गानों में खूब थिरके और मंदिर परिसर में खूब लुफ्त उठाएं जैसे ही 12:00 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ वैसे ही जारी चौकी प्रभारी शैलेंद्र कुमार यादव ने अपने समस्त स्टाफ के साथ भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव में शामिल होकर पूजा अर्चना की और सभी जनों को प्रसाद वितरण कराएं ।उन्होंने कहा कि हमारे चौकी के समस्त स्टाफ व गणमान्य लोगों द्वारा यह आयोजन हम सब मिलकर संपन्न कर पाए ।और छठी के दिन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा । मंदिर को बड़े ही साजो, सज्जा के साथ और बड़े ही धूमधाम से श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया और सुबह बाजार वासियों को पैकेट में प्रसाद भी वितरण किया गया। इसी तरह कोटेदार मंजू देवी अलौकिक गुब्बारों की सजावट कर रखी थी और लड्डू नंद गोपाल के जन्म के बाद देर रात्रि भोग लगा कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

# जसरा के मंदिरों में कृष्ण के बाल रूप हुई पूजा, सजाई गई झांकी





अखंड भारत संदेश

**जसरा।** क्षेत्र के मंदिरों में भगवान कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान कृष्ण के बाल रूप की पूजा अर्चना की तथा झांकी भी सजाई गई। गुरुवार को शिव हनुमान मंदिर जसरा, काशी विश्वनाथ मंदिर, जय श्री राम मंदिर जसरा में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में भजन कीर्तन के साथ भगवान कृष्ण के बाल रूप की पूजा की गई। देर रात 12:00 बजे भगवान कृष्ण के जन्म के साथ ही लोगों ने पटाखे बजाए और भगवान की जयकारें भी लगाए। शिव हनुमान मंदिर में भगवान के बाल रूप की झांकी सजाई गई। तथा तरह-तरह के खिलौने लगाए गए। जिससे लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर राजू केसरवानी ,शीबू केसरवानी,शीबू केसरवानी, बबलू डंडा,अनिल केसरवानी ,संजीव केसरवानी, सीताराम केसरवानी, पप्पू केसरवानी, अनिल मिश्रा, जगत नारायण शुक्ला मंडल अध्यक्ष, राजा बाबू पाठक, बब्बन सिंह, दिनेश राव आदि लोग उपस्थित रहे।

# जसरा में सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकियू (भानु) ने शुरू किया अनिश्चित कालीन धरना

## विकासखंड कार्यालय में धरने पर बैठे किसान- मजदूर, समस्याओं का समाधान न होने पर होगा चक्का जाम

अखंड भारत संदेश




**जसरा।** सरकारी आवास, मनरेगा, शौंचालय में भ्रष्टाचार एवं सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे के खिलाफ गुरुवार को विकासखंड कार्यालय के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन (भानु) के जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया गया। धरने में पहुंचे भारी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों व नवजवानों ने सरकारी भ्रष्टाचार व सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जे के खिलाफ आवाज बुलंद की। विकास खंड जसरा के बुंदावा ग्राम पंचायत से धरना स्थल पर आईं करीब चालीस महिलाओं ने बताया कि उन्हे आज तक शौंचालय नहीं दिया गया। कई परिवारों का नाम आवास की सूची से जानबूझ कर काट दिया गया। कच्चा मकान होने के बावजूद प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं मिला। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के मंडल संरक्षक देशराज बौद्ध, अभय राज सिंह ने कहा कि जिस गांव में ब्लाक बना है और जहां खंड विकास अधिकारी खुद बैठते हों उस गांव में भी गरीब लोग शौचालय और आवास के लिये भटक रहे हैं। ब्लाक से सटे हुये जसरा ग्राम पंचायत में आज तक एक सरकारी प्राइमरी स्कूल नहीं बन पाई। कुल सात में छह तालाब गायब हो चुके हैं। जसरा गांव में एक भी अमृत सरोवर तालाब का निर्माण नहीं किया गया। यहां पर आँगनवाणी केंद्र नहीं है। जसरा में जल निगम की व्यवस्था नही है। जिसके कारण पीने के पानी का संकट है। चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। मंडल अध्यक्ष राजीव चंदेल ने कहा कि जसरा ब्लाक में सरकारी भ्रष्टाचार चरम पर है। मनरेगा योजना से किसी गरीब मजदूर को काम नही दिया जा रहा है। गरीबों - मजलूमों पर खुले आम अन्याय व अत्याचार हो रहा है। मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा राहुल सिंह ने कहा कि जब तक गरीबों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक भाकियू भानु का धरना चलता रहेगा। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि कल तक समस्याओं का निस्तारण न हुआ तो बांदा राज मार्ग पर चक्का जाम किया जायेगा। धरना अनवरत चलता रहेगा। धरने में मंडल उपाध्यक्ष मनोरमा आदिवासी, जिला महासचिव युवा मोर्चा बसंत बहादुर बिन्द, ब्लाक अध्यक्ष जसरा रामबहादुर कुशवाहा, ब्लाक संगठन मंत्री शंकरगढ लल्लू आदिवासी, शोभनाथ आदिवासी, वृहस्पतिदेव आदिवासी, यशवंत राव सहित सैकड़ों किसान -मजदूर उपस्थित होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

# आधी रात जन्मे लीलाधर, जन्मोत्सव पर भक्तों ने सजाई मनमोहक झांकी

अखंड भारत संदेश

**बारा।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का जन्म यमुनापार में धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को उदया तिथि का लोप होने के कारण तमाम लोगों ने गुरुवार को व्रत रखा और योगेश्वर की आराधना की। सभी मंदिरों और घरों में लीलाधारी की मनमोहक झांकी सजाई गई और जैसे ही घड़ी की सुइयों ने रात के 12 बजाए, भक्तों ने जयकारा लगाया और कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया।घरों में आकर्षण का केंद्र छोटे बच्चे रहे। घरवालों ने छोटे बच्चों को आकर्षक पीत वस्त्र पहनाकर, बांसुरी और मोरपंख के साथ आरती उतारी।घरों और मंदिरों में आकर्षक झांकी सजाई गई थी, जिसे देखने के लिए रातभर भक्तों का आवागमन बना रहा। इसी क्रम में जनपद के सभी थानों में जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। शंकरगढ़ थाना परिसर में आकर्षक झांकी सजाई गई। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर पूरे थाना परिसर को आकर्षक रोशनी और झालरों से सजाया गया था। मुख्य सड़क पर भव्य द्वार बनाया गया था। इसके अलावा थाना परिसर के समस्त भवनों को झालरों से सजाया गया था। रात के वक्त समस्त कस्बावासी भी थाने में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में शामिल हुए और जैसे ही रात के 12 बजे, भक्तों ने जयकारा लगाया और कृष्ण के जन्म का उत्सव मनाया।मौके पर एसओ मनोज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह,उपनिरीक्षक शिव शंकर यादव,कृष्ण कांत पांडेय,अमरेंद्र सिंह, प्रवेश यादव, संतोष तिवारी, संदीप मिश्रा, राकेश यादव संग नगर व क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इसीतरह यमुनापार के बारा, जसरा, शंकरगढ़, नारीबारी की बाजारों में भी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम देखने को मिली। पालना, आकर्षक पोशाक, मुकुट, मोरपंख, लड्डू गोपाल की मिट्टी व पीतल की प्रतिमा की खूब बिक्री हुई। स्कूलों व अन्य प्रतिष्ठानों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

## कृष्ण जन्मोत्सव पर भजन कीर्तन भंडारा एवं मेले का हुआ आयोजन



**सहसों।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर क्षेत्र के गांवों, मोहल्लों, बाजारों एवं प्रमुख बाजार सहसों स्थित मंदिरों में भगवान के जन्मोत्सव पर काफी चहल-पहल रही। इस दौरान क्षेत्र के देवनहरी गांव स्थित शिव मंदिर में व्यवस्थापक राम सजीवन शुक्ला द्वारा मंदिर में साफ सफाई एवं आधुनिक झालरों से सजावट के उपरांत भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गांव की महिलाएं, बुजुर्ग, युवक, युवतियों ने देर रात्रि तक भजन कीर्तन के साथ भगवान के जन्म के बाद सोहर एवं बधाई गीत तथा नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की आदि गीत गाते नृत्य करते उनकी स्तुति करते हुए मंगल कामनाओं की कामना की तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर रामचंद्र शुक्ल, संजय शुक्ला, त्रयंबकम, आकाश, शाश्वत सहित श्रद्धालु भक्त नर नारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इसी प्रकार चंदरपुर उर्फ बसमहुआ गांव निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता शिवपूजन तिवारी द्वारा उनके आवास पर विगत कई वर्षों से अनवरत श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हरे राम हरे कृष्ण का अखंड कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन होता चला आ रहा है। इस वर्ष भी अखंड कीर्तन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सेकड़ों भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर शामिल होते हुए भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। इस अवसर पर संतोष कुमार तिवारी, अतुल कुमार तिवारी, आलोक कुमार तिवारी, राहुल तिवारी एवं विक्कू , मंटू अभिषेक सहित आदि लोग भंडारे में सहयोग करते हुए उपस्थित रहे। इसी क्रम में विराट पशु मेला द्वारा प्राचीन हनुमान मंदिर फुलवरिया सहसों एवं नवदुर्गा पूजा कमेटी द्वारा रामलीला मैदान में भजन मंडलियों द्वारा कीर्तन भजन एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ आर्टिस्ट प्रदीप सिग्नेचर सलोन के सुंदर कलाकारों द्वारा मनमोहक झांकियां तथा रासलीला का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन सहसों बाजार में रोशनी एवं साउंड बाजा के साथ क्षेत्रीय मेले का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आए दर्शकों ने मेले का खूब आनंद उठाए।

## एसएसडी कॉन्वेंट स्कूल चंपापुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया




**जंघई।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन एसएसडी कॉन्वेंट स्कूल चंपापुर में धूमधाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें राधा कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के नन्हे मुन्ने बच्चो ने रंग बिरंगी वेश भूषा धारण करके राधा कृष्ण के जीवन पर भाव पूर्ण सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर-के सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय सामने वाले पोर्च में एक सेल्फी प्वॉइंट बनाया गया था जहा बच्चो ने बारी बारी से राधा कृष्ण की वेश-भूषा में फोटो खिंचवाई वही बड़ी कक्षा के बच्चों ने दही हांडी फोड़ का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष राजमणि यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम एवं पाठ्य सामग्री क्रियाओं से संस्कारों को मजबूती मिलती है एवं बच्चों को अपने धर्म कर्म के विषय में मार्गदर्शन मिलता है और बच्चों को जानकारी मिलती है। रूप सज्जा कार्यक्रम में इवेंट आर्गनाइजर का कार्य मुकेश यादव तथा नर्सरी क्लास के लिए रेनू श्रीवास्तव, एलकेजी के लिए स्वाती पाल, प्रियंका साहू और यूकेजी क्लास के लिए हेड ऑफ डिपार्टमेंट अनन्या विश्वकर्मा और कक्ष अध्यापक सहरोज आलिया को नोडल शिक्षक बनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक शैलेश यादव ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर ने सभी अध्यापकों को पुरस्कृत करके सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### नैनी दर्ज कराई थी गुमशुदगी, मिली मौत की खबर

**झूंसी।** नैनी पंजाबी हाता निवासी ओमप्रकाश केसरवानी ने 23 अगस्त को अपने बेटे किशन केसरवानी की गुमशुदगी की रिपोर्ट नैनी थाने में दर्ज कराई थी। पखवाड़े भर बाद उसके मौत की खबर मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया। किशन केसरवानी 22 अगस्त की रात शास्त्री ब्रिज पर दुर्घटना में घायल हो गया था उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। ओमप्रकाश केसरवानी ने बताया कि 21 तारीख शाम 6 बजे उनका बेटा किशन घर से कहीं चला गया था परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद 23 तारीख को किशन की गुमशुदा की रिपोर्ट नैनी थाने में दर्ज कराई। जिसके बाद से परिजन किशन की तलाश में जुटे हुए थे बार-बार नैनी थाने के भी चक्कर लगा रहे थे और उसके सकुशल घर वापसी के लिए पूजा अर्चना भी परिवार कर रहा था बीते 6 तारीख को नैनी पुलिस ने ओमप्रकाश केसरवानी को बताया कि आप एक बार झूंसी थाने से संपर्क कर लीजिए परिजन झूंसी थाने पहुंचे और फोटो दिखाई तो पता चला की किशन 22 अगस्त की रात शास्त्री ब्रिज पर बाइक स्कूटी व बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसकी इलाज के दौरान 30 अगस्त को एसआरएन में मौत हो गई।

# सीडी व पेनड्राइव भी ले गई एनआईए, सीमा आजाद के घर से जब्त किए 43 सामान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से शिवकुटी में पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) की प्रदेश अध्यक्ष सीमा आजाद के घर से कुल 43 सामान जब्त किए। इनमें मोबाइल, लैपटॉप के साथ ही तमाम दस्तावेज भी शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान एनआईए अफसरों ने बरामद सामान की फर्द बनाई और सीमा व उनके पति विश्वविजय के दस्तखत भी कराए।एनआईए की ओर से एक दिन पहले नक्सल मूवमेंट को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में जुटे नेताओं व कॉडर पर कार्रवाई के क्रम में प्रदेश में आठ जगहों पर छापे मारे गए थे। इसी क्रम में प्रयागराज में भी चार स्थानों पर छापेमारी की गई। इनमें शिवकुटी में सीमा आजाद का घर भी शामिल है। सीमा के घर पर सुबह पांच बजे से शुरू होकर 13 घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान संदिग्ध वस्तुओं को सील कर जब्त कर लिया गया।सूत्रों का कहना है कि इनकी कुल संख्या 43 थी जिनमें मोबाइल, लैपटॉप के साथ ही पेन



ड्राइव, सीडी, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड, किताबें, पम्फलेट, रसीद बही के साथ ही अन्य संदिग्ध दस्तावेज भी शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि सील किए गए सामान में जो दस्तावेज हैं उनमें से कई आत्मकथाएं, कहानी, आंदोलन, उपन्यास आदि भी हैं।

**एक-एक पन्ने की हुई जांच :** सूत्रों का कहना है कि एनआईए ने शहर में जिन चार स्थानों पर छापा मारा, उनमें से सबसे ज्यादा वक्त सीमा के घर हुई कार्रवाई में लगा। इसकी वजह यह रही कि एनआईए की टीम को यहां भारी मात्रा में दस्तावेज मिले। टीम में शामिल अफसरों ने इन दस्तावेजों के एक-एक पन्ने की गहनता से पड़ताल की। इनमें लिखे साहित्य को पढ़ा और फिर संदिग्ध लगने वाले साहित्य से जुड़े दस्तावेजों को कब्जे में ले लिया।

**जल्द ही दोबारा आ सकती है टीम :** सूत्रों का कहना है कि फिलहाल एनआईए की टीम साक्ष्य एकत्रित करने में लगी हुई है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद टीम दोबारा भी शहर आ सकती है। गौरतलब है कि 2022 में एनआईए को इनपुट मिला था कि उप्र के कुछ जनपदों में नक्सल मूवमेंट से जुड़े प्रतिबंधित संगठन को फिर से खड़ा करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसके बाद गोपनीय तरीके से की गई पड़ताल में इनपुट के सही होने की बात सामने आई। इसी क्रम में जनवरी में एनआईए लखनऊ जोन कार्यालय में एक केस दर्ज किया गया। एक दिन पहले आठ ठिकानों पर पड़े छापे इसी केस की विवेचना के क्रम में की गई कार्रवाई का हिस्सा है।

**शिवकुटी-धूमनगंज में पहुंची थी टीमें :** एनआईए ने एक दिन पहले शिवकुटी व धूमनगंज में चार स्थानों पर छापे मारे थे। शिवकुटी में रसूलाबाद में सीमा आजाद व मेहंदौरी में रहने वाले उनके भाई मनीष आजाद के घर पर पहुंचकर टीम ने तलाशी ली थी। उधर धूमनगंज में रहने वाली सोनी आजाद व रितेश विद्यार्थी के किराये के कमरे पर पहुंचकर तलाशी ली थी।

# हाईकोर्ट ने कहा : बालिग जोड़े को साथ रहने की स्वतंत्रता, किसी को हस्तक्षेप का अधिकार नहीं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि बालिग जोड़े को साथ रहने की स्वतंत्रता है। माता-पिता सहित किसी को भी उनके शांतिपूर्ण जीवन में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। भले ही वे अलग जाति या धर्म के हों। कोर्ट ने कहा बालिग जोड़े के लिव इन रिलेशनशिप में रहने पर यदि कोई परेशान करता है या धमकाता है तो उसके अर्जी देने पर पुलिस कमिश्नर संरक्षण प्रदान करें।कोर्ट ने कहा बालिग जोड़े को अपनी पसंद से साथ रहने या शादी करने की पूरी स्वतंत्रता है। किसी को भी उसके इस अधिकार में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उसके इन अधिकारों में हस्तक्षेप अनुच्छेद 19 व 21 का उल्लंघन होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह ने गौतमबुद्धनगर की रजिया व अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। याची का कहना था कि दोनों बालिग है। अपनी मर्जी से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं। भविष्य में शादी करना चाहते हैं। मां बाप व परिवार के लोग नाखुश हैं। धमका रहे हैं। आशंका है कि उनकी हत्या की जा सकती है। चार अगस्त 23 को पुलिस कमिश्नर को शिकायत कर संरक्षण मांगा किंतु कोई कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट की शरण ली है। याचियों के खिलाफ अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं है। अपर शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि दोनों अलग धर्म के है। मुस्लिम कानून में यह जिना (अपराध) है, दंडनीय गुनाह है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों के हवाले से कहा कि किसी भी बालिग जोड़े को अपनी मर्जी से साथ रहने का अधिकार है। भले ही उनका जाति धर्म अलग हो। यदि कोई परेशान करे या हिंसा करे तो पुलिस उसपर कार्रवाई करें।

# 500 तोतों की कर रहे थे तस्करी, पुलिस ने सभी को दबोचा




**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में वन्य जीवों की तस्करी करने वाले गिरोह का बृहस्पतिवार को भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से प्रतिबंधित प्रजाति के 500 तोते बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए तीनों तस्करों से पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए लोग मस्तान मार्केट करेली से प्रतिबंधित प्रजाति के तोतों को खरीद कर तस्करी के लिए बिहार समेत अन्य राज्यों में ले जा रहे थे। उनके पास से अर्टिगा कार भी बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों में इंजमाम, मोहम्मद आसिफ और मोहम्मद वसीम शामिल हैं। तीनों आसनसोल पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं।

# प्रयागराज मंडल के प्रकाशको ने भरी हुंकार

## रेलवे बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन नीति का किया जोरदार विरोध, रेल मंत्री से की हस्तक्षेप की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल के प्रकाशको और पत्रकारों की एक बैठक वरिष्ठ पत्रकार मुनेश्वर मिश्रा की अध्यक्षता में हुई जिसमें रेलवे बोर्ड द्वारा जारी मनमानी पूर्ण विज्ञापन नीति का जमकर विरोध किया गया बैठक में विज्ञापन नीति पर व्यापक चर्चा की गई इस नीति को छोटे और मध्यम समाचारों को पूरी तरह खत्म करने की साजिश बताया गया तथा रेल मंत्री द्वारा आवश्यक कार्यवाही की मांग की गई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय रेलवे द्वारा अखबारों को शासकीय दरों पर विज्ञापन जारी किए जाते हैं इसके विरोध में रेलवे बोर्ड द्वारा मनमानी विज्ञापन नीति घोषित की गई है इस नीति से छोटे व मझौल अखबारों को डीएवीपी की मनमानी कार्यवाही से विज्ञापन प्राप्त नहीं हो पाएंगे और छोटे और मध्यम समाचार पत्र इससे खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएंगे, समाचार पत्र रेल विभाग द्वारा जारी किए जा रहे कार्य उपलब्धि आदि की जानकारी अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से





प्रकाशित कर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं पूरे भारतवर्ष में लगभग 70% लघु मध्यम समाचार पत्र है जो सरकार प्रशासन विभाग विशेष कर रेल विभाग द्वारा जारी किया जा रहे जनउपयोगिक कार्यों की जानकारी प्रमुखता से आम जनमानस तक पहुंचाते हैं रेलवे भी अपने प्रचार प्रसार की प्रमुखता के आधार पर समाचार पत्रों को विज्ञापन देता रहता है भारतीय रेलवे को विज्ञापन जारी करने में विज्ञापन एजेंसियों की भूमिका को समाप्त करना ही था तो रेलवे पूर्व की भांति जनसंपर्क कार्यालय से सारे विज्ञापन सीधे भी जारी कर सकते थे रेलवे के पास पूरे संसाधन भी उपलब्ध हैं फिर डीएवीपी को देने की क्या जरूरत थी क्योंकि डीएवीपी में पहले से ही भारी अनियमिताएं व्याप्त है डीएवीपी की मनमानी से रेलवे की छवि को भी आघात पहुंचेगा । बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार मुनेश्वर मिश्रा जी अनुपम शुक्ला जी के केश्रीवास्तव जी सिद्धनाथ द्विवेदी जी कृष्णानंद त्रिपाठी जी परवेज आलम जी जेपी श्रीवास्तव जी कमलेश मिश्रा जी राकेश शर्मा जी शकील अहमद जी शिवेश कुमार राय आफताब अहमद जी दूधनाथ पांडे जी रघुवीर सिंह जी फारूक जी अंकित चौरसिया जी जगजीत सिंह जी संदीप वालिया जी धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव जी सतीश कुमार गुप्ता जी अमरदीप चौधरी जी अनिल कुमार त्रिपाठी जी अनुराग तिवारी जी कुंदन श्रीवास्तव जी देवेंद्र त्रिपाठी कमल किशोर श्रीवास्तव संतोष भगवान रणविजय सिंह जी सुधाकर पांडे जी आनंद नारायण शुक्ला जी रंजीत निषाद उमेश श्रीवास्तव राजेश गोस्वामी वी सुधाकर नाथ के अलावा कई पत्रकार मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारे से गूंजता रहा मंदिर परिसर





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हंडिया तहसील के पंडितपुरा गांव में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। एक तरफ जहां लोग भगवान श्री कृष्ण की पूजा कर रहे थे वहीं दूसरी तरफ मुंबई से पधारे कलाकारों ने कृष्ण गोविंद गोविंद गोपाल मुरली मनोहर नंदलाला के भजन से लोगों को भाव विभोर कर दिए। भजन पर लोगों ने जमकर तालियां

**मुंबई से पधारे कलाकारों ने बांधी समा, एक से बढ़कर एक प्रस्तुत किए भजन**

भजन पर बजाई भक्ति भाव में विभोर होकर लोग ठुमके भी लगाने लगे। क्या बूढ़े क्या जवान बच्चे महिलाएं सभी भक्ति रस में सराबोर हो उठे। भजन के बीच-बीच में हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की से भी मंदिर गुंजायमान होता रहा। घंटा घड़ियाल संख ध्वनि से मंदिर तथा गांव गुंजायमान होता रहा ।लोगों ने कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित रविकांत मिश्रा व्यास जी ने किया । उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम 32 वर्षों से होरहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया राधे कृष्णा की पूजा अर्चना की गई। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने राधा कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### बाहुबली सपा विधायक रमाकांत यादव को बड़ा झटका, जमानत हुई खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजमगढ़ जहरीली शराब कांड में हुई मौतों के मामले में सपा विधायक रमाकांत यादव की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। आजमगढ़ के अहरौला थाने में रमाकांत यादव पर मुकदमा दर्ज है। खुद को निर्दोष बताते हुए रमाकांत यादव ने जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी। 2022 में जहरीली शराब से गई थी कई की जान इस केस में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखा और जमानत देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने निचली अदालत को मुकदमे का ट्रायल छः माह में खत्म करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि अगर मामले के ट्रायल में देरी होती है तो याची हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता है। फरवरी 2022 में आजमगढ़ के अहरौला में जहरीली शराब से कई लोगों की जान चली गई थी। इस मामले में रमाकांत यादव के रिश्तेदार रंगेश यादव समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जांच पड़ताल के दौरान रमाकांत यादव का नाम भी सामने आया था। पुलिस ने 20 सितंबर 2022 को रमाकांत यादव का नाम भी एफआईआर में जोड़ दिया था।

# भगवान कृष्ण जन्माष्टमी पर गौशालाओं में किया गया पूजा अर्चना चढ़ाई गई चुनरी

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल सोरांव में खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल व ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार ने गौशालाओं में मौजूद सभी गोवंशों का पूजा पाठ किया। तथा चुनरी चढ़ाकर सभी से आशीर्वाद भी लिए। इस कार्यक्रम से क्षेत्र में एक अच्छा संदेश भी लोगों के बीच पहुंचा।

जानकारी के अनुसार श्री कृष्ण जन्म अष्टमी पर खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल के नेतृत्व में गौशालाओं में भी श्री कृष्ण जन्म अष्टमी को गोपाष्टमी के रूप में मनाया गया वहीं सुनील कुमार खंड विकास अधिकारी ने कहा कि सभी लोगों को गायों की सुरक्षा और रक्षा करनी चाहिए जिससे हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार गाय सभी की माता के समान है। और गाय को पालने के लिए भी गोपालक को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार 900



महीने की दर से प्रोत्साहन राशि भी देती है। इसलिए सभी को चाहिए कि अपने-अपने घर पर एक-एक गए जरूर पालें। तथा गाय की सेवा सुरक्षा करें। इससे गाय से प्राप्त दूध भी बहुत ही लाभकारी व हितकारी तथा गुणकारी होता है। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत अधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि गाय के आशीर्वाद से सभी को मुक्ति का द्वार जरूर मिलता है। इस अवसर पर उप पशु चिकित्सा अधिकारी राजकुमार, ग्राम प्रधान शाहिद अली, ग्राम सदस्य बाबुल, पंचायत सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर आनंद यादव,सफाई कर्मचारी, गौपालक एवम अन्य ग्रामवासियों की उपस्थिति में गोपाष्टमी धूमधाम से मनाई गई। उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने गौमाता को चूनर पहनाया, पूजा कर तिलक लगाया, माला पहना कर पूड़ी, दाल, गुड़, खिलाकर गोपाष्टमी कार्यक्रम मनाया गया।

# केपीयूसी छात्रावास में भव्यता के साथ मनाया गया देवकीनंदन का जन्मोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के केपीयूसी छात्रावास में बुधवार सायं से मध्यरात्रि तक भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव पर पूरे छात्रावास को दुल्हन की तरह समस्त अंतवासियों के समन्वय से सजाया संवारा गया था। मध्य रात्रि तक दिव्य दरबार झांकी के सम्मुख अंतवासियों द्वारा श्री कृष्ण भक्ति में सभी सराबोर होकर भजन कीर्तन करते हुए भक्तिभाव उत्साह के माहौल में नृत्य-संगीत पर झूमते रहे । मध्यरात्रि भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को विधि-विधान से पूजन-अर्चन आरती करते हुए ₹हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की₹ आदि के जयकारों के गुंजायमान के साथ जन्मोत्सव




मनाया गया। अंतेवासियों का कहना था कि शैक्षिक जीवन में आध्यात्मिकता की अहम भूमिका होती है। इसलिए हम सभी को पूरे जोश एवं हर्षोल्लास के साथ इन आयोजनों को कराते रहना चाहिए जिससे हम सभी को सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती रहे।

### बार काउंसलिंग ने की हापुड़ लाठीचार्ज की कड़ी निंदा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश बार कौंसिल ने हापुड़ लाठीचार्ज के विरोध में तीन दिन तक न्यायिक कार्य न करने का फैसला लिया था। जिसके क्रम में बुधवार को तीसरे दिन जिला जनपद न्यायालय, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट), राजस्व परिषद और व्यावसायिक कर अधिकारी कार्यालय के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। वहीं दूसरी ओर हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं ने अदालती कामकाज तो किया लेकिन नो एडवर्स का प्रस्ताव होने के कारण कामकाज की रफ्तार धीमी रही।हाईकोर्ट बार पदाधिकारियों के निर्णय से खफा अधिवक्ताओं का एक गुट सुबह नौ बजे पहुंच गया। हाईकोर्ट के गेट नंबर तीन पर एकत्र होकर सरकार, पुलिस और बार पदाधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। लाइब्रेरी हॉल में पूर्व महासचिव एसी तिवारी की अध्यक्षता में सभा की गई। बार कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय आलोचना करते हुए आम सभा बुलाने की मांग का ज्ञापन बार के कार्यालय में सौंपा गया। सभा का संचालन पूर्व संयुक्त सचिव संतोष कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उदय शंकर तिवारी, कृष्ण मुरारी त्रिपाठी, सुरेश चंद्र मिश्रा,सुभाष चंद्र यादव, दीपांकर द्विवेदी समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पार्लर से लौट रही युवती से सरेराह छेड़खानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में युवती से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पार्लर से घर लौटते समय उसके साथ 4 मनचलों ने छेड़खानी की। उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। जब वह किसी तरह अपने घर भागकर पहुंची तो वहां भी जबरदस्ती करने की कोशिश की। चीख-पुकार सुनकर भाई बचाने आया। जिसके बाद चारों ने उस पर भी हमला कर दिया। उसे जमकर पीटा। जिसके बाद वह बेहोश हो गया। हमलावर उसे मरा समझकर वहां से भाग निकले।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सचिन पासी, लकी पासी, शनि पासी सहित चार नामजद एवं अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों की तलाश कर रही है।घटना का सीसीटीवी सामने आया है।

### भाई के विरोध करने पर मनचलों ने पीटकर अधमरा किया




**गली में पहुंचते ही पकड़ लिया हाथ :** मामला पूरा धूमनगंज थाना क्षेत्र का है। युवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह एक ब्यूटी पार्लर में काम करती है। रात में करीब 10 बजे वह काम से वापस लौट रही थी। जैसे की वह अपने घर की गली के पास पहुंची तो वहां पहले से बैठे सचिन पासी, लकी पासी, शनी पासी व पांच अज्ञात लोग शराब पी रहे थे। सभी शराब के नशे में धुत थे। पीड़िता को देखते ही अश्लील बातें और हरकत शुरू कर दिया। सचिन पासी ने उसका हाथ पकड़कर खींच लिया। इसके बाद गली में घसीट ले गए और अश्लील हरकत करना शुरू कर दिए। उसके कपड़े भी फाड़ डाले। पीड़िता किसी तरह से जान बचाकर भागी। भागकर अपने घर में घुस गई। सभी आरोपी भी उसका पीछा करते हुए उसके घर में घुस गए और उसके जमीन पर पटक दिया। उसके साथ जबरदस्ती करनी शुरू कर दी। बहन की चीख सुनकर उसका भाई बचाने दौड़ा तो उस पर जानलेवा हमला कर दिया। भाई को घसीटकर रोड पर लाए और डंडे एवं राड से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिए। पीड़िता की भाभी और वह जब बचाने पहुंचे तो उनकी भी पिटाई कर दी। मारपीट से पीड़िता का भाई बेहोश हो गया। उसे मरा समझकर आरोपी उसके गले की सोने की चेन खींचकर वहां से भाग निकले। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित सचिन व लकी कुछ दिन पहले जेल से छूटकर आए हैं। उसकी बहन ने भी पूर्व में भी उनके खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज कराया था। अब इस घटना के बाद आरोपी धमकी दे रहे हैं कि तुम्हारा भाई इस बार बच गया है, लेकिन अगली बार जिन्दा नहीं बच पाएगा। धूमनगंज एसओ का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# मंदिरों तथा पाण्डालों में सांसद प्रमोद तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर टेका मत्था, लोक मंगल की किया कामना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर बुधवार की देर रात तक विभिन्न मंदिरो तथा पाण्डालों पर पहुंचकर भगवान श्री राधेकृष्ण की झांकियों के समक्ष मत्था टेका। बाबा घुइसरनाथ धाम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने विधिविधान से श्रीकृष्ण झांकी के समक्ष पूजन अर्चन कर लोककल्याण की कामना की।

विभिन्न पाण्डालों पर आयोजित कार्यक्रमों में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीला जगत के कल्याण में हमें सामूहिक त्याग तथा नैतिकता के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दिया करती है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मानव जगत को समता और दयालुता के भाव से लोक कल्याण के लिए सत्य की रक्षा में एक अजेय योद्धा के कर्म साधना का भी अद्वितीय संदेश दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज नगर के विभिन्न मंदिरों व पाण्डालों में पहुंचकर स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से लोगों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर सुखमय जीवन की मंगलकामनाएं सौपी। पैतृक गांव संग्रामगढ़ में भी सांसद प्रमोद तिवारी पहुंचे और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के परम्परागत उत्सव मे शामिल हुए। उन्होनें कई पाण्डालों में लोक कलाकारों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, आशीष उपाध्याय, रवि सिंह, छोटे लाल सरोज, केडी मिश्र, सभासद आशीष कौशल, सभासद दारा सिंह, मोनू पाण्डेय, वैभव सिंह, वज्रघोष ओझा आदि रहे।

## मन्दिरों व पाण्डालों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आस्था की उमंग

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर बीती बुधवार की रात बाजारों में आधी रात तक चहल पहल का माहौल देखा गया। वहीं मंदिरों में रात बारह बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव को लेकर विधिविधान से पूजन अर्चन भी हुआ। घंटियों व शंख ध्वनि के बीच भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही हर तरफ जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी का सुर भक्ति साधना को आस्था का उमंग दे उठा। बाबा घुइसरनाथ धाम में भी परम्परागत भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धालुओं के जयघोष के बीच मनाया गया। लालगंज के हरिहर मंदिरम, प्राचीन शिव मंदिर, श्री हनुमत निकेतन सहित विविध मंदिरों में भगवान श्री राधेकृष्ण की आकर्षक झांकियों को देखने के लिए श्रद्धालुओं का देर रात तक जमघट दिखा। मंदिरों के साथ बाजारों में कई स्थानों पर भगवान श्री राधेकृष्ण की आकर्षक झांकी के पाण्डाल भी श्रद्धालुओं का मन भावविभोर कर उठा।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर वृद्धजनों ने मनाया जन्मोत्सव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर वृद्धाश्रम महुली में वृद्धजनों के लिए समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के संयोजन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृद्धाश्रम परिसर में भव्य सजावट कर वृद्धजनों ने भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाने के लिए सुबह से ही तैयारी में लगे थे। शाम को भजन कीर्तन के साथ वृद्धजनों ने हरे रामा हरे कृष्णा, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की कीर्तन गाकर पूरे वृद्धाश्रम परिसर को भक्ति मय कर दिया था। रात्रि में भगवान श्री कृष्ण का जन्म होने पर वृद्ध माताओ ने सोहर गाकर भगवान श्री कृष्ण जन्म को यादगार बना दिया। सभी वृद्धजन भगवान को पालने में झूला कर जयकारा लगा रहे थे। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि वृद्धजनों ने आज भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मना कर बहुत ही खुश नजर आ रहे थे। यही हमारा संकल्प भी है जो वृद्धजन मायूस रहते थे आज उन सबको हर सुविधा के साथ अपना परलोक संवारने के लिए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कराए जा रहे हैं। वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य की सोच और त्याग से ऐसे ऐसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। हमारा वृद्धाश्रम परिवार हर कार्यक्रम में पूरा सहयोग करता रहेगा। इस अवसर पर शिवेश शुक्ला, आदर्श कुमार, परमानंद मिश्रा, विवेक यादव, सूरज उमरवैश्य, मानसिंह, अंबिका प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, अतुल सिंह, जय राम दादा, शिव बाबू, गयादीन, हीरालाल, लालजी, रामबोध, शीला, अनारकली, प्रभु देवी आदि मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर हुआ भव्य कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विकास खंड बाबा बेलखरनाथ धाम के शीतला गंज बाजार में स्थित शिव राम जानकी हनुमान मंदिर पर श्री कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से देर रात तक चलता रहा। भजन कीर्तन और झांकी का आयोजन सबसे पहले श्री कृष्ण की आरती उतारी गई। उसके बाद भजन कीर्तन का आयोजन चला रहा जिसमें गायक कलाकार बालक राम संत, राम संतोष तिवारी उर्फ कल्लू, काशी प्रसाद बैंजो मास्टर ने अपनी भक्ति गीतों से भक्तों का मन मोह लिया, जिससे भक्ति भाव में भाव विभोर होकर भक्त नाचने गाने लगे। इस दौरान मुख्य रूप से मंदिर समिति के मुख्य सेवादार आशीष कुमार गुप्ता गुरुजी, बजरंगी लाल गुप्ता, रमेश, लालता, रवि, विनोद जायसवाल, फूलचंद, रमाशंकर, शंकर ठेकेदार आदि लोग मौजूद रहे वही मंदिर समिति के अध्यक्ष बजरंगी लाल गुप्ता ने कहा कि आप महानुभावों का सहयोग ऐसे ही मिलता रहेगा तो हमेशा ऐसा ही कार्यक्रम चलता रहेगा।



गाय को केला खिलाते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

# डीएम पहुंचे गोशाला, गायों को खिलाया केला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बराछा की नगर पालिका की गोशाला में जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव अपनी पत्नी के साथ गायों की पूजा करने व उन्हें गुड़, केला व हरा चारा खिलाने पहुंचे थे। वह लगभग साढे. बारह बजे गोशाला पहुंचे। आधा घंटा प्रवास में पूरी गोशाला में घूम-घूमकर जिलाधिकारी व उनकी पत्नी ने गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया। बता दें कि जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव धार्मिक प्रवृति के व्यक्ति हैं। उनकी पूजा अर्चना में गहरी रुचि है। इसी क्रम में जन्माष्टमी में उन्होंने सपत्नीक गोमाता का पूजन किया। गोशाला की व्यवस्था व साफ-सफाई देख जिलाधिकारी खुश दिखाई दिये। पहली बार गोशाला आने पर वहां मौजूद नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील ने उन्हें अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना बाघराय के उ0नि0 धनश्याम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित,वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 163/2023 धारा 376, 506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त श्रीनाथ सरोज पुत्र रामसुमेर नि0ग्राम चैहान का पुरवा भीखापुर कानीडीह थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# डाक घर में सीबीआई की दस्तक को लेकर लालगंज क्षेत्र में सरगर्म माहौल

### कमीशन के खेल में उप डाकपाल की गर्दन पर कानूनी शिकंजे की हो रही चर्चा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** सीबीआई के शिकंजे में आये लालगंज डाकघर को लेकर दूसरे दिन गुरूवार को भी बाजार तथा आसपास चर्चा का माहौल सरगर्मी पर देखा गया। कमीशन पर कमीशन के खेल ने सहायक उप डाकपाल के गले में सीबीआई का फंदा आखिर डाल ही दिया। इससे इतर चर्चा इस बात की देखी सुनी जा रही है कि डाक सेवाओं के नाम पर कमीशन की आड़ में स्थानीय डाकघर में गजब का खेल भी खेला जा रहा है।

सीबीआई की टीम ने बुधवार को दोपहर अचानक डाक घर में पांव फैलाया तो आधी रात तक वह डाक घर में इस प्रकार के खेल को लेकर अभिलेखों की भी जांच पड़ताल की माथापच्ची में देखी गयी। आधी रात को सीबीआई के शिकंजे मे आये स्थानीय सहायक उप डाकपाल निशांत पाण्डेय को वह अपने साथ लखनऊ मुख्यालय लेकर रवाना हुई। हालांकि आरोपी को सीबीआई जब उसके चेहरे को ढंककर ले जाने के लिए डाकघर से बाहर निकली तो बाहर जमा मजमा आरोपी के चेहरे को ढंकने पर सवालिया अंदाज में दिखा। कुछ लोगों ने सीबीआई टीम से सवाल जबाब करना चाहा तो टीम ने स्थानीय कोतवाली में तैनात प्रशिक्षु सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन को इत्तला की। इस पर आननफानन में एएसपी अमृत फोर्स के साथ पहुंचे और आरोपी को सीबीआई के द्वारा ले जाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान किया। बतादें लालगंज कोतवाली के भेभौरा निवासी रामचंद्र त्रिपाठी लालगंज डाकघर में अभिकर्ता का कार्य किया करता है। रामचंद्र ने बीती मंगलवार को लखनऊ में सीबीआई के एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि एफडी के एक उसके चैबीस हजार के कमीशन में चालीस फीसदी कमीशन सहायक उप डाकपाल के द्वारा बतौर रिश्वत मांगा जा रहा है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीबीआई ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और बुधवार को शिकायतकर्ता रामचंद्र त्रिपाठी जब सहायक उप डाकपाल निशांत पाण्डेय को छान्नवें सौ रुपए रिश्वत देने लगा तो वह सीबीआई द्वारा आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने का मजबूत जाल बिछा सामने आया। सीबीआई की टीम ने रिश्वत के रुपए सुरक्षित करते हुए आरोपी के घर भी पहुंचकर घंटो जांच पड़ताल की। वहीं डाक घर में भी डाक सेवाओं को लेकर वित्तीय मामलों से जुडे कई अभिलेखों पर भी सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने पैनी नजर डाली है।

# अच्छे समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करता है शिक्षकः प्राचार्य

### एमडीपीजी कालेज में पूर्व प्राचार्य सहित दो का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें दो अवकाश प्राप्त शिक्षकों प्रो विनोद शुक्ल एवं प्रो सोम प्रकाश पांडे को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का प्रणेता है। वह न केवल विद्यार्थियों को ज्ञान देता है बल्कि एक अच्छे समाज एवं राष्ट्र का निर्माण भी करता है। पूर्व प्राचार्य प्रो विनोद शुक्ल ने कहा भारतीय संस्कृति में गुरु और शिष्य की परंपरा रही है जिसमें दोनों एक दूसरे का एकाकार कर उच्चतम ज्ञान एवं सुखद अनुभूति प्राप्त करते रहे हैं। दोनों का एक दूसरे पर विश्वास अटूट रहा है। प्रो0 सोम प्रकाश पांडे ने कहा कि हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सचेष्ट रहना चाहिए। शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों से कभी विमुख नहीं होता। वह विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का मार्गदर्शन करता रहता है। कार्यक्रम महाविद्यालय की शिक्षक संघ इकाई द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संघ के अध्यक्ष प्रो अरुण कुमार तिवारी, महामंत्री प्रो पीयूषकांत शर्मा, प्रो प्रदीप कुमार सिंह, प्रो संतोष कुमार पांडे आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ निशा सिंह, डॉ ऊषा तिवारी, डॉ सी एन पांडे, डॉ बलराज मिश्र, डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र, डॉ मनीष सिंह, डॉ अनीश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो रमेश चंद्र शुक्ल ने किया।



पूर्व प्राचार्य व प्राध्यापक का सम्मान करते प्राचार्य व शिक्षकगण।

# कड़ी सुरक्षा के बीच चेहल्लुम पर करबला में दफन हुए ताजिये

### जुलूस के दौरान अखाड़ों ने दिखाए करतब

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कड़ी सुरक्षा के बीच चेहल्लुम पर विभिन्न अखाड़ों द्वारा शानो-शौकत के साथ ताजिये निकाले गये। देर शाम मिलान के बाद करबला में ताजिये दफन किये गये। जुलूस के दौरान विभिन्न अखाड़ों द्वारा करतब दिखाये गये। अंजुमनों द्वारा जंजीरी मातम किया गया तो अखाड़ों द्वारा हैरतअंगेज कारनामे दिखाये गये। इस दौरान चैक घंटाघर पर लंगर का भी आयोजन किया गया। अकीदतमंदों को जर्दा, बिरयानी, पुलाव खिलाया गया व शरबत पिलाया गया।

चेहल्लुम पर करतब दिखाने के लिये सभी अखाड़ों ने अपनी-अपनी झांकियां निकालीं। मक्के और मदीनों तथा दुलदुल घोड़े की झांकी को भी पूरे मनोयोग से सजाया गया था। अखाड़ों में करतब दिखाने वाले युवाओं ने लाठी, भाला, तलवार व चाकूओं से हैरतअंगेज प्रदर्शन किये। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में बच्चे, बूढ़े और महिलाएं सभी शामिल लोग शामिल रहे। सभी अखाड़े शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए चैक घंटाघर पर एकत्र हुए और हैरतअंगेज प्रदर्शन करते हुए करबला की तरफ जाते रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था चैकस रही। अंजुमन कमेटी के तत्वावधान में चेहल्लुम का जुलूस शानो-शौकत के साथ खुशखुशवापुर से निकाला गया। सिप्तैन रोड में ताजिये का जुलूस सुबह साढ़े नौ बजे अब्बुल भाई के इमामबाड़े से निकाला गया।



गायों की पूजा अर्चना करते नपाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व पूर्व अध्यक्षा प्रेमलता सिंह।

# भगवान कृष्ण का गायों से रहा अटूट सम्बन्धः हरिप्रताप

### जन्माष्टमी पर बराछा गोशाला में गायों की हुई पूजा-अर्चना

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कृष्ण जन्माष्टमी पर बराछा गांव में बनी नगर पालिका की गोशाला में आज पूर्वान्ह साढे. दस बजे नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्षा प्रेमलता सिंह के साथ पहुंचकर एक दिन पहले बच्चा देने वाली गाय की पूजा अर्चना की। उसे गुड़, केला व हरा चारा खिलाया।

इस अवसर पर नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि भगवान कृष्ण का गायों से अटूट सम्बन्ध रहा है। बचपन में भगवान कृष्ण गाय चराने जाते थे और वहीं मटका फोड़कर दही खा लेते थे। भगवान कृष्ण गायों को माता मानते थे। आज हमारी संस्कृति में भी गायों को माता का दर्जा दिया गया है। लगभग डेढ़ घंटे तक गोशाला में रहे नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व पूर्व अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने अन्य सभी गायों को गुड़, चना, केला व हरा चारा खिलाया। इस मौके पर मौजूद नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील, आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रशांत सिंह के अलावा क्षेत्रीय सभासद व जिला पशुधन अधिकारी ने गायों को गुड़, केला व हरा चारा खिलाने में सहयोग किया।

# बेल्हा शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित हुए 30 सेवानिवृत्त शिक्षक

### विज्ञान जागृति साइंस क्लब ने किया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विज्ञान जागृति साइंस क्लब अवधानपुर में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतापगढ़ व जौनपुर के 30 सेवानिवृत्त शिक्षकों को बेल्हा शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलन से हुआ।

दीप प्रज्वलन का कार्य मुख्य अतिथि एम डी पी जी कॉलेज प्रतापगढ़ के पूर्व प्राचार्य डॉ विनोद शुक्ला, विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सेवा निवृत्त सहायक सचिव दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव व बीबीएस इंजिनियरिंग कॉलेज की पूर्व प्रोफेसर पारुल श्रीवास्तव ने किया। श्री शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा किमानव जीवन में गुरु को ईश्वरतुल्य माना गया है। गुरु ही शिष्य का मार्गदर्शन करते हैं और वे ही जीवन को ऊर्जामय बनाते हैं। जीवन विकास के लिए गुरु बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। गुरु की सन्निधि, प्रवचन, आशीर्वाद और अनुग्रह जिसे भी भाग्य से मिल जाए उसका तो जीवन कृतार्थता से भर उठता है। क्योंकि गुरु के बिना न आत्म-दर्शन होता और न परमात्म-दर्शन। इन्हीं की प्रेरणा से आत्मा प्रकाश की तरह उज्जवल बनती है। वही दूसरी ओर विशिष्ट अतिथि श्री दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव ने छात्रों को कहा कि जीवन में सफल होने के लिए मेहनत, लगन, समय का सदुपयोग और इच्छा शक्ति की आवश्यकता होती है. लेकिन सफलता की राह में कई बाधाएं और चुनौतियां भी आएंगी, जिसके लिए आपको तैयार रहना होगा।कैरियर विशेषज्ञ विभांशु पांडेय ने छात्रों को भविष्य में प्रतियोगिता परक जीवन में सफलता के गुर सिखाए ।अतिथियों का स्वागत संस्था के शिक्षक रवि यादव, अतुल कुमार, ओम प्रकाश व शिक्षिकाएं पूजा पाण्डेय, अंजली पाण्डेय व आस्था पाण्डेय ने किया। इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले गुरुजनों त्रिवेणी सिंह, चिंतामणि पांडेय, मानिक चंद विश्वकर्मा, राजाराम तिवारी, पन्नालाल यादव, हरिश्चंद पटेल, राम लखन गौतम, देवशरण यादव, भारत राम यादव, रमा शंकर पटेल आदि को बेल्हा शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात गत वर्ष हाईस्कूल और इंटर में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों रिंकी पाल, प्रिया पटेल,ज्योती यादव, रिचा यादव, अमर सिंह पटेल और अवनीश कुमार पटेल को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस संस्था के सलाहकार के इंजिवमोहम्मद अरहम सिद्दीक ने संस्था की उपलब्धियों को गिनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन विज्ञान जागृति साइंस क्लब के शिक्षक अश्विनी शुक्ला ने किया।

सृष्टि, ज्योति, साक्षी, रिया, सेजल, रवि, काजल, रियांशी, निखिल, इंद्रेश, सोनाली, जागृति, खुशी आदि ने मनोरंजक तथा शिक्षाप्रद प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरी। आभार संस्था के संस्थापक रमेश पटेल और शोभनाथ पटेल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जंग बहादुर पटेल, नीरज मिश्रा, आनन्द सिंह, धीरज सिंह, राजेश कुमार यादव, विपिन यादव, दिनेश मौर्या,विशाल सरोज आदि ग्रामीण व प्रबुद्धजन मौजूद रहे।



बेल्हा शिक्षक गौरव सम्मान से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक।

# भारत जोड़ो यात्रा से देश में एक नए विचार का हुआ जन्मः डा0 लालजी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा गत वर्ष सफलता के साथ संपन्न हुए भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर मुख्यालय पर भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ लाल जी त्रिपाठी ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देश में एक नए विचार का जन्म हुआ जिससे जनता ने भी महसूस कर लिया है कि अब नफरत से देश आगे नहीं बढ़ सकता इसलिए समाज में प्यार, सौहार्द और एक दूसरे के साथ खड़े होकर देश को मजबूत करना है। प्रदेश महासचिव जिला प्रभारी मुकुंद तिवारी ने कहा भारत जोड़ो यात्रा देश की जरूरत थी जिसे राहुल गांधी ने सफलता के साथ पूरा किया। इस यात्रा से मौजूद भाजपा सरकार पूरी तरह से हिल गई है। प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा ने कहा कि देश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से देश की जनता आज गौरवान्वित हुई है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मौजूद विभाजनकारी राजनीति के सामने एक ढाल की तरह खड़ी हो गई है जो देश में भविष्य की उन्नति, विकास, समरसता को स्थापित करेगी। पीसीसी सदस्य डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल ने कहा कि राहुल गांधी आज देश की उम्मीद हैं। इस मौके पर कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्रा, डॉ0 वी के सिंह, महेंद्र शुक्ला, वेदांत तिवारी, सुनीता पटेल, मौलाना वाहिद, प्रशांत सिंह, योगेश यादव, करुण पांडेय, संदीप त्रिपाठी, संजय इस्तियाक, चरण सिंह यादव, मुरली हरिजन, राम रतन तिवारी, प्रेम शंकर द्विवेदी, ज्योत तिवारी गल्ली, अभय किशोर, उत्सव भूषण पाल, दानिश महबूब, आशुतोष तिवारी, फतेह बहादुर सिंह, सलीम उल्ला, मो आफाक, इरशाद भूलियापुर, रियाज, अशोक सिंह, ओंकार पांडेय, बृजेश यादव, दिलशाद, हजारीलाल वर्मा, नरगिस बानो, राजेंद्र वर्मा, सुभाष तिवारी सहित सैकड़ो लोग इस पदयात्रा में शामिल हुए।



जिला मुख्यालय पर भारत जोड़ो पदयात्रा निकालते कांग्रेसी।



डा0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह।

## डा0 बने इलाहाबाद विवि के केपी टेर्जनिंग कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कालेज प्रतापगढ़ सिटी के बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सदर तहसील क्षेत्र के कटरामेदनीगंज खजोहरी निवासी डॉ0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह का चयन इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के संगठक महाविद्यालय केपी ट्रेनिंग कॉलेज प्रयागराज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हो गया है जिससे महाविद्यालय के शिक्षकों में खुशी है। बता दें कि डॉ0 सिंह इसके पूर्व प्रतापगढ़ जनपद के प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनसूचनाधिकारी एवम बी०एड्० विभागाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी इनकी गहरी रुचि है और वह कार्यक्रमों में प्रायः भाग लेते थे।

# कौशाम्बी संदेश

### खबर संक्षेप

## बालिका से छेड़खानी का विरोध करने पर परिजनों को पीटा

**करारी कौशांबी** करारी थाना क्षेत्र के हिसाब पुर गांव की एक बालिका से लगातार छेड़खानी अश्लीलता की जा रही थी रास्ते चलते बालिका के दुपट्टे खीचे जा रहे हैं उसे धक्के मारे जा रहे हैं 4 सितंबर को बालिका घर से दुकान जा रही थी रास्ते में रशीद नामक युवक मिला उसने बालिका से अश्लीलता छेड़खानी शुरू कर दिया बालिका का हाथ पकड़ कर युवक घसीटने लगा बालिका ने विरोध किया हो हल्ला मचाया वापस घर लौटने पर बालिका ने मामले की जानकारी परिजनों को दी जिस पर बालिका की मां रसीद के घर उलाहना देने गयी उलाहना देने से बौखलाए रसीद के पिता रईस उसका भाई सज्जन बालिका के घर पर चढ़ाई कर दिए और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

# भाभी के बाद देवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## युवक की मौत के बाद परिजनों ने थाना पुलिस को हत्या की दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के टिकरी नागी गांव में दो दिन पहले विवाहित अंजली की मौत के बाद गुरुवार की भोर में मृतक विवाहिता के देवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है देवर की लाश घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटक रही थी परिजनों का कहना है कि मृतक विवाहिता के माता-पिता और रिश्तेदारों ने आधी रात को आ कर उनके बेटे की हत्या कर दी है और लाश को चुल्ले से टांग दिया है युवक की मौत की जानकारी मिलते ही पूरे गांव के लोग अर्चभित रह गए घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को मिली मौके पर थाना पुलिस पहुंच गयी और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक युवक की माता ने मृतक विवाहिता के माता-पिता बहनोई व अन्य लोगों के विरुद्ध हत्या की तहरीर दी है एक घर में दो लोगों की दो दिन के अंदर मौत की जानकारी के बाद पूरे इलाके के लोग दंग रह गए हैं देवर की मौत हत्या के बदले में हत्या की कहानी बयां कर रही है। जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के मनकापुर गांव निवासी जयचंद्र की बेटी अंजलि की शादी पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के टिकरी नागी गांव निवासी छोटे लाल के बेटे के साथ हुई थी दो दिन पहले अंजलि की मौत हो गई अंजलि के पिता जयचंद्र ने बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए अंजलि के सास देवर पति आदि पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया विवाहिता की हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद घर वाले मौके से फरार हो गए थाना पुलिस लगातार विवाहिता के हत्यारो की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी इसी बीच घटना में अचानक नया मोड़ आ गया पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए घर से फरार लोग अचानक बुधवार की रात में घर में हाजिर हो गए और गुरुवार की भोर में विवाहिता के देवर चंद्रभान उम्र लगभग 18 वर्ष की हत्या कर घर के भीतर फांसी के फंदे में लाश लटका दी गयी गुरुवार की सुबह युवक की लाश लटकते देखी गई है मामले की सूचना चंद्रभान की माता और परिजनों को मिली मौके पर परिवार के लोग एकत्रित हो गए हैं जैसे ही चंद्रभान के मौत की जानकारी गांव के लोगों को मिला पूरा गांव अचंभित रह गया घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और लोगों के बीच कानाफूसी होने लगी इसी बीच चंद्रभान की माता ने मृतक विवाहिता अंजली के पिता जयचंद माता माया देवी और विवाहिता के बहनोई रवि समेत दो अन्य लोगों के विरुद्ध चंद्रभान की हत्या कर लाश टांग देने की तहरीर थाना पुलिस को दी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन विवाहिता की मौत के दो दिन के भीतर देवर की मौत ने तमाम सवाल छोड़ दिए हैं आखिर दो मौत का साजिशकर्ता कौन है यदि पुलिस अधिकारियों ने मामले में सूक्ष्म जांच कराई तो सच्चाई की कलाई खुलना तय है।

# दोस्तों संग गंगा नहाने गया किशोर गहरे जल में डूबा मचा हड़कंप



**अखंड भारत संदेश**

**कड़ा कौशाम्बी।** जन्माष्टमी के पर्व पर कड़ा धाम गंगा में साथियों के साथ गंगा नहाने गया किशोर गंगा के गहरे जल में समा गया है किशोर के गंगा में डूबने से परिवार मे कोहराम मच गया है मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ लग गई है। जानकारी के मुताबिक कड़ाधाम कोतवाली के कड़ा ब्लॉक के बगल में रहने वाले दानिश पेंटर का 12 वर्षीय बेटा कुनैन अपने साथियों के साथ गुरुवार सुबह 9:00 बजे कड़ा के बाजार गंगा घाट पर स्नान करने गया था घाट कच्चा होने की वजह से वहां पर काफी गड्ढे हैं स्नान करते समय 12 वर्षीय कुनैन गंगा के गहरे जल में समा गया जब तक कोई कुछ कर पाता तब तक किशोर गहरे जल में डूब चुका था मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया जैसे ही इसकी सूचना किशोर के परिजनों को मिली वो रोते बिलखते गंगा घाट पहुंच गए देखते ही देखते घाट पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गई,लोगों द्वारा कड़ा धाम पुलिस को घटना की सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस गोताखोरों को लगाकर किशोर को ढूंढने का प्रयास कर रही है घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है कुनैन दो भाइयों में बड़ा है।

# त्रिनेत्र के क्रम में थाना संदीपनघाट में डिजिटल वॉल का पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन

## थाना सैनी एवं थाना मंझनपुर तथा थाना चरवा में पूर्व में ही डिजिटल वॉल का किया जा चुका है उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना में 7 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के दृष्टिगत डिजिटल वॉल का उद्घाटन किया गया, इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक व थानाध्यक्ष संदीपनघाट व अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस पहल से आमजनों को बेहतर सुरक्षा का वातावरण मिलेगा तथा किसी भी प्रकार की कानून एवं शान्ति व्यवस्था सम्बन्धी समस्या अपराध होने पर तत्काल विधिक कार्यवाही करने में सहायता मिलेगी तथा अपराध नियंत्रण एवं अपराध के अनावरण में सहयोग प्राप्त होगा। जिसमें प्रमुख चौराहे, लिंक रोड, स्कूल, संस्थान, आदि स्थल सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जुड़े हुए हैं। सभी कैमरे उच्च क्वालिटी और नाइट विजन के साथ है तथा मानक के अनुरुप डीवीआर भी लगाई गयी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं बालिकाओं, व्यापारियों एवं आमजनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत प्रमुख चौराहों, स्कूल कॉलिजों, कोचिंग संस्थानों एवं बाजारों में संदिग्ध गतिविधियों पर सीसीटीवी के माध्यम से पैनी नजर रखी जा रही है सीसीटीवी कैमरा हमें अपने परिसर के आसपास की सभी गतिविधियों पर नजर रखने और ट्रैक करने में सक्षम बनाता है प्रत्येक चिन्हित सीसीटीवी कैमरा स्थल पर बीट प्रभारी एवं स्थानीय नागरिकों की निगरानी समिति बनाई जा रही है जिसके द्वारा समय-समय पर सीसीटीवी में कोई खराबी आने पर संवाद कर सीसीटीवी को सुचारु कराया जायेगा जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों का अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग सीधे थाने पर एलईडी स्क्रीन वीडियो वॉल पर देखा जाएगा।

## दुर्गा मंदिर की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को एसडीएम ने रोका

### मंदिर कमेटी की बात सुनकर एसडीएम के पास पहुंचे नगर पालिका के अध्यक्ष

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के पाता में स्थित अति प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर के कीमती जमीन पर चार दिनों से फिर कब्जा हो रहा था जिस पर मंदिर कमेटी के लोग सक्रिय हुए मामले को लेकर कलेक्ट्रेट गए लेकिन जिला अधिकारी से मुलाकात नहीं हुई अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया लेकिन उन्होंने मंदिर की जमीन के कब्जे को गंभीरता से नहीं लिया और आईजीआरएस में दर्ज करने की बात कर मंदिर कमेटी के लोगों को वापस कर दिया जिस पर मंदिर कमेटी के लोगों ने नगर पालिका के अध्यक्ष से मुलाकात की और उनसे दुर्गा मंदिर की जमीन कब्जे की बात बताई जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने उप जिलाधिकारी से बात किया और मंदिर की जमीन पर किए जा रहे अवैध कब्जे को रोकने की सिफारिश की नगर पालिका अध्यक्ष के सिफारिश पर एसडीएम मंझनपुर ने तत्काल अवैध निर्माण को रोक दिया है।

# कांग्रेसियों ने किया प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

## भड़ेसर गांव से किसान परिवार से मिलने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का काफिला समदा होते हुए मंझनपुर तक पैदल पद यात्रा किया

**अखंड भारत संदेश**



**कोखराज कौशांबी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय लल्लू के जैसे ही कौशांबी जनपद में आगमन की जानकारी मिली कांग्रेस नेताओं का भारी हुजूम कोखराज क्षेत्र के सिहोरी टोल प्लाजा पहुंच गया और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया है इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने स्थानीय कांग्रेस नेताओं से कौशांबी जिले के कानून व्यवस्था का हाल-चाल जाना और स्थानीय पदाधिकारी का परिचय लेते हुए उन्हें आत्म बल दिया इसके बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष काफिले के साथ भडेसर ग्राम पहुँचे उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को जानकारी मिली है कि डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश मौर्या द्वारा गरीबों की जमीन पर कब्जा कर गरीब किसान को पिछले लगभग 6 माह से प्रशासन के सहयोग से परेशान किया जा रहा है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव के निर्देश पर इस प्रकरण की वह जांच करने आए हैं प्रदेश अध्यक्ष भडेसर गांव पहुंचे और किसान परिवार से मुलाकात की मुलाकात के दौरान किसान परिवार ने कहा कि उनके साथ अन्याय हो रहा है उनकी जमीन कब्जा की जा रही है लेकिन किसान परिवार ने कब्जा करने वाले किसी का नाम नही लिया है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वह किसी का शोषण अत्याचार अन्याय नहीं होने देंगे कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब मजलूम कमजोर लोगो के साथ खड़ी है जिले आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष का कांग्रेसियों ने जगह-जगह स्वागत किया रोही चौराहे पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार पप्पू मिश्रा पूर्व महासचिव कौशलेश द्विवेदी महासचिव बरसाती लाल पांडा यूथ के पूर्व अध्यक्ष शशि प्रताप त्रिपाठी यूथ अध्यक्ष अंकुर शुक्ला रवि प्रकाश रावेन्द्र नरेंद्र सिंह सचिन शुक्ला आदि लोगों ने जोरदार तरीके से स्वागत किया भड़ेसर गांव से किसान परिवार से मिलने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का काफिला समदा होते हुए मंझनपुर तक पैदल पद यात्रा किया और लोगों से जगह-जगह पर बातचीत कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान कांग्रेस नेताओं में राघवेंद्र सिंह रामकिशन पटेल आशीष कुमार पप्पू मिश्रा कौशलेश द्विवेदी शशि त्रिपाठी शमीम आलम सत्येंद्र प्रताप सिंह रजनीश पांडे बबलू यादव संतोष शुक्ला सहित भारी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### छिमिरछा गांव में मनाया गया विहिप का स्थापना दिवस



**करारी, कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के छिमिरछा गांव में वृहस्पतिवार को संगठन के लोगों ने विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में विहिप के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। करारी के छिमिरछा गांव में आयोजित विश्व हिंदू परिषद के 59 वें स्थापना दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मोहन जी काशी प्रान्त समिति सदस्य ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद संगठन मुख्य रूप से हिन्दू समाज के स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने सभी से विहिप में जुड़ने की अपील किया। जिलाध्यक्ष अजय पांडेय ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन ही मुंबई में 1964 ईस्वी में विहिप की स्थापना हुई थी। आज विहिप का काम भारत के सभी प्रांतों के साथ साथ विश्व के 50 से अधिक देशों में है। कार्यक्रम का संचालन नीलमणि मिश्र ने किया। इस मौके पर गौरक्षा प्रखंड संयोजक गनेश वर्मा, जगदीश केसरवानी, उमेश केसरवानी, अमित पाठक, भानु प्रताप, रिंकू, रंजीत आदि मौजूद रहे।

### भव्य तरीके से सजाया गया चरवा थाना



**कौशांबी।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर चरवा थाना प्रभारी के नेतृत्व में चरवा थाना को भव्य तरीके से सजाया गया है श्री कृष्ण के भक्ति में गीत बज रहे हैं श्री कृष्ण कन्हैया जी के जन्मोत्सव को चरवा थाना में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है पूरे क्षेत्र में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की धूम है जगह-जगह पर मंदिरों में सजावट है पूरे इलाके में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा हैं थाना परिसर में कोतवाल समेत पुलिस कर्मियों द्वारा श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की गई इस मौके पर थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह एस आई रवि शंकर यादव अजीत उपाध्यय शिवजीत सिंह मुंशी शशि यादव अर्जुन बिंद मुन्नी लाल चौधरी भानु यादव गौरव दुबे सुमित यादव आदि लोगों ने मिलकर चरवा थाना में बड़े ही धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया है इस मौके पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थानांतर्गत कोखराज टोल प्लाजा के नजदीक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है एंबुलेंस के जरिए घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार की शाम को उन्नाव जनपद के रहने वाले अक्षत तिवारी बाइक से कहीं जा रहे थे जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास पहुंचे तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया है जिससे बाइक समेत वह सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर रूप से घायल हो गए घायल को तड़पता देख किसी राहगीर ने पुलिस और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल अक्षत तिवारी को 108 एम्बुलेंस पर बैठाया और एम्बुलेंस पर मौजूद ई एम टी ओम प्रकाश ने एम्बुलेंस पर ही घायल अक्षत तिवारी का प्राथमिक उपचार करना शुरू कर दिया एवं समय को ध्यान में रखते हुए पायलट शिवम कुशवाहा द्वारा मरीज को सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल अक्षत तिवारी उन्नाव जिले का बताया जा रहा है। उनके पास एक मोबाइल फोन पांच हजार रुपया और ब्लूटूथ हेडसेट था जो एम्बुलेंस कर्मियों ने जिला अस्पताल के डॉक्टर को समस्त सामान रूपया सहित दे दिया है।

# कान्हा गौशाला में मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

## चेयरमैन की मौजूदगी में गोवंशों की हुई पूजा,अर्चना खिलाया गया गुड चना पहनाया गए माला



**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशांबी।** नगर पंचायत अझुवा सहित ग्रामीण क्षेत्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम मची है कुछ जगहों में बीती रात जन्माष्टमी का पर्व भी मनाया गया किंतु अधिकतर जगहों में आज गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया जा रहा है उसी कड़ी में नगर पंचायत अझुवा की चेयरमैन श्रीमती शांति देवी कुशवाहा की मौजूदगी में नगर पंचायत के सभी सभासदों एवं पशु डॉक्टर विवेक सिंह की उपस्थिति में कान्हा गौशाला अझुवा में गौवंशो की पूजा अर्चना कर जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व भगवान श्री कृष्ण से जुड़े होने के कारण इस दिन गौ माता की भी विशेष पूजा अर्चना किए जाने की परंपरा रही है।

## कान्हा गौशाला में भाजपा जिला महामंत्री ने कराया पूजा पाठ, गौवंशों को खिलाया गया केला गुण



**करारी कौशाम्बी।** करारी स्थित गौशाला में लिपिक के देख रेख में जन्माष्टमी के अवसर पर पूजा पाठ कराया गया गोवंशों को केला ,गुड़ खिलाकर पूजा पाठ कराया गया वहीं वरिष्ठ लिपिक द्वारा गौवंशो के लिए मुहैया खाने-पीने में भूसा चूनी चोकर हरा चारा की व्यवस्था भी देखी गई जिसमें वरिष्ठ लिपिक के अनुसार सभी चीज दुरुस्त है। करारी कस्बा में बने स्थाई कान्हा गौशाला में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर वरिष्ठ लिपिक कमलेश नारायण मिश्र द्वारा आज पूजा पाठ कराकर गोवंशों को केला हुआ गुड़ खिलाया गया है भाजपा के जिला महामंत्री संजय जायसवाल ने पूजा पाठ कराया पूजा पाठ करने के बाद गोवंशों को केला,गुड़ खिलाया कान्हा गौशाला की सारी व्यवस्थाओं को परखा। भाजपा जिला महामंत्री संजय जायसवाल ने कहा कि योगी सरकार की गौशाला योजना से तमाम सड़कों पर टहलने वाले गोवंशों को संरक्षित कर दिया गया है, और सरकार द्वारा बेहतरीन देख रेख की जा रही है। गौशाला में संरक्षित जानवर होने के बाद से किसनो में भी इस बात की खुशी जाहिर हो रही है। वहीं मौजूद वरिष्ठ लिपिक कमलेश नारायण मिश्र ने कहा कि कान्हा गौशाला में 65 गाय वा 70 बछवा संरक्षित है जिनकी देखरेख के लिए यहां पर कर्मचारी लगाए गए हैं साफ सफाई समय-समय पर इन्हें भोजन दिया जाता है आज जन्माष्टमी के अवसर पर सभासद अजलम, सुनील चौधरी, सुशील, सभासद प्रतिनिधि रामचंद्र आदि उपस्थित रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने गोवंशों को गुड़ चना खिलाया



**करारी कौशांबी।** विकासखंड मंझनपुर क्षेत्र के शुक्लन का पूरा गांव के गौ संरक्षण केंद्र में गोवंशों की पूजा कर गौवंश को गुड़ चना केला आदि खिलाकर जन्माष्टमी का पर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हुबलाल दिवाकर ने मनाया है कुछ स्थानों पर बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही और कुछ लोगों ने गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया है श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर गौवंश की पूजा की परंपरा पुरानी है। गौसंरक्षण केंद्र पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हुबलाल दिवाकर ने गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने गौ वंश की देखरेख करने का निर्देश मौके पर उपस्थित लोगों को दिया है जन्माष्टमी के पर्व पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हुबलाल दिवाकर ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण को सबसे प्रिय गौ माताएं थी भगवान श्री कृष्ण हमेशा गौ माता की देखभाल करते थे उन्होंने कहा कि गौ की सेवा कर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया है इस दौरान ग्राम प्रधान सहित इलाके के तमाम लोग मौजूद रहे।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी : भव्य तरीके से संकट मोचन मंदिर में हुई सजावट



**कौशांबी।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर पूरे जिले में मंदिरों में भव्य तरीके से सजावट की गई है पुलिस लाइन से लेकर पुलिस थाने और पुलिस चौकिया में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया है आकर्षक रोशनी की सजावट से मंदिर सजाई गई है श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर संकट मोचन मंदिर सिराथू में भव्य सजावट देखने लायक है श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व संकट मोचन मंदिर सिराथू में आयोजको द्वारा बड़ी धूमधाम से आयोजित कर मनाया जा रहा है। दुल्हन की तरह सिराथू मे संकट मोचन मंदिर सजाई गई है मंदिर के सजावट देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी है डीजे के धुन में मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के भक्ति गीत लोगों को मंत्र मुग्ध कर रहे हैं इस दौरान संयोजक सुशील केसरवानी उर्फ बच्चा योगेंद्र केसरवानी ठठन केसरवानी शेखर केसरवानी रिंकू केसरवानी जय बाबू केसरवानी आनंद ज्वेलर्स धर्मेंद्र केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

## महेवाघाट थाने में शिव मूर्ति की कोतवाल ने की स्थापना



**महेवाघाट कौशाम्बी।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महोत्सव का आयोजन महेवा घाट थाना में बड़ी धूमधाम से किया गया है बड़े भव्य तरीके से थाना परिसर को सजाया गया है श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भक्ति गीतों से थाना परिसर गूंज रहा है थाना परिसर में नए मंदिर का निर्माण कर भगवान शिव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के द्वारा थानेदार द्वारा किया गया है थाना अध्यक्ष रजनीकांत राजपूत के द्वारा भगवान शिव एवं श्री कृष्णा का पूजन एवं आरती किया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर दरोगा नंदू यादव दरोगा शकील अहमद चौकी इंचार्ज हिनौता बलराम सिंह एवं समस्त क्षेत्रवासी और थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# जिला पंचायत की बैठक 11 को,नाराज सदस्य दे सकते है सामूहिक इस्तीफा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत की राजनीति में एक बार फिर तूफान आ सकता है,11 सितंबर को होने वाली जिला पंचायत मिनी सदन की बैठक में शामिल होने से पहले जिला पंचायत अध्यक्ष से नाराज सदस्य गोपनीय बैठक करने की तैयारी में है, अधिकतर आसार यही दिख रहे हैं कि सदस्य सामूहिक तौर पर इस्तीफा दे सकते है।यादि ऐसा हुआ तो क्षेत्र में विकास कार्यों पर बहुत असर पड़ सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर के खिलाफ मिनी सदन के डेढ़ दर्जन से अधिक सदस्यों ने 25 जुलाई को अविश्वास पेश किया था। दो अगस्त को डीएम सुजीत कुमार ने हस्ताक्षर मिलान कराया,इसके बाद फ्लोर टेस्ट के लिए 19 अगस्त की तारीख तय कर दी गई थी, फ्लोर टेस्ट से पहले ही सदस्यों पर दबाव बनाया गया भाजपा के चर्चित माननीय जिला पंचायत सदस्यों के साथ बाटी चोखा भोज में शामिल हुए और जिला पंचायत सदस्यों को मनाने का प्रयास किया लेकिन जिला पंचायत सदस्य नहीं माने वार्ड नंबर 26 की सदस्य शायमा देवी का घर सरकारी जमीन पर बना होने के आरोप लगाकर अविश्वास प्रस्ताव के ठीक पहले जमींदोज करा दिया गया था,वही कई सदस्यो एवम सदस्य प्रतिनिधियों के ऊपर छेड़खानी सहित कई धाराओं में मुकदमा भी दर्ज करा दिया गया था,और किसी भी विरोधी सदस्यो के मतदान में नही पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी बरकरार बनी रह गई थी, जिससे सदस्यो में नाराजगी बनी हुई है। लेकिन क्या जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी आगे भी बरकरार रहेगी राजनीतिक गलियारे में यह सवाल खड़े हो रहे हैं। अविश्वास प्रस्ताव से बच जाने के बावजूद जिला पंचायत अध्यक्ष की मुश्किलें नहीं कम नही हो पा रही हैं। 11 सितंबर को बोर्ड की बैठक बुलाई गई हैं,अविश्वास की अगुवाई करने वाली सदस्य सीमा देवी के पति अनिल अग्निहोत्री ने बताया कि आठ सितंबर को वह अपने साथ रहे 17 सदस्यों के साथ किसी गोपनीय स्थान पर बैठक करेंगे। इसमें तय किया जाएगा कि बोर्ड की बैठक में जाना है या सामूहिक इस्तीफा दिया जाएगा।

**187 वाहनों का पुलिस ने किया चालान:कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा वाहनों की व्यापक चेकिंग की गई है चेकिंग के दौरान पुलिस ने 187 वाहनों का चालान किया है और एक वाहन से जुमार्ना वसूल किया है पुलिस की कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप का माहौल रहा।

**शांति भंग में 17 का चालान**

कौशांबी पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में पश्चिम शरीरा पुलिस ने एक व्यक्ति को सराय अकिल पुलिस ने चार व्यक्ति को चरवा पुलिस ने पांच व्यक्ति को पिपरी पुलिस ने दो व्यक्तियों को कोखराज पुलिस ने चार व्यक्ति को और कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को कुल 17 व्यक्तियों को शांति भंग की धारा में पुलिस ने पाबंद किया है साधारण मारपीट व शांति भंग करने में पर पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही की गई है

**18 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार :** कौशांबी जिले के अलग-अलग थाना पुलिस ने शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मोहब्बतपुर पैसा थाना पुलिस ने गोरेलाल निवासी काजीपुर पइंसा को 8 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की है और महेवा घाट थाना पुलिस ने शिवलोचन निवासी अलवारा को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

## संपादक की कलम से

# साक्षरता दिवस 8 सितम्बर को ही क्यों?

साक्षरता के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को विश्वभर में ह्यअंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवसह्ल मनाया जाता है। दुनिया से अशिक्षा को समाप्त करने के संकल्प के साथ आज 57वां ह्यअंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवसह्ल मनाया जा रहा है। पहली बार यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) द्वारा 17 नवम्बर 1965 को 8 सितम्बर को ही अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद प्रथम बार 8 सितम्बर 1966 से शिक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्वभर के लोगों का इस ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष इसी दिन यह दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। वास्तव में यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का ही प्रमुख घटक है। निरक्षरता को खत्म करने के लिए ईरान के तेहरान में शिक्षा मंत्रियों के विश्व सम्मेलन के दौरान वर्ष 1965 में 8 से 19 सितम्बर तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए पहली बार बैठक की गई थी और यूनेस्को ने नवम्बर 1965 में अपने 14वें सत्र में 8 सितम्बर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस घोषित किया। उसके बाद से सदस्य देशों द्वारा प्रतिवर्ष 8 सितम्बर को ह्यअंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवसह्ल मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस के अवसर पर निरक्षरता समाप्त करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देने तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों के पक्ष में वातावरण तैयार किया जाता है। यह दिवस लगातार शिक्षा को प्राप्त करने की ओर लोगों को बढ़ावा देने के लिए तथा परिवार, समाज और देश के लिए अपनी जिम्मेदारी को समझने के लिए मनाया जाता है।

दुनियाभर में आज भी अनेक लोग निरक्षर हैं और यह दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सामाजिक रूप से साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में सभी लोगों को शिक्षित करना ही है। साक्षरता दिवस के माध्यम से यही प्रयास किए जाते हैं कि इसके जरिये तमाम बच्चों, व्यस्कों, महिलाओं तथा वृद्धों को भी साक्षर बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में फिलहाल करीब चार अरब लोग साक्षर हैं लेकिन विडम्बना यह है कि आज भी विश्वभर में करीब एक अरब लोग ऐसे हैं, जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते। तमाम प्रयासों के बावजूद दुनियाभर में 77 करोड़ से भी अधिक युवा भी साक्षरता की कमी से प्रभावित हैं अर्थात प्रत्येक पांच में से एक युवा अब तक साक्षर नहीं है, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि 6-7 करोड़ बच्चे आज भी ऐसे हैं, जो कभी विद्यालयों तक नहीं पहुंचते जबकि बहुत से बच्चों में नियमितता का अभाव है या फिर वे किसी न किसी कारणवश विद्यालय जाना बीच में ही छोड़ देते हैं। कोरोना काल में यह समस्या और ज्यादा गहरी हुई। करीब 58 फीसदी के साथ सबसे कम व्यस्क साक्षरता दर के मामले में दक्षिण और पश्चिम एशिया सर्वाधिक पिछड़े हैं। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के लिए प्रतिवर्ष एक विशेष थीम चुनी जाती है और इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम है ह्यसंक्रमण काल में दुनिया के लिए साक्षरता को बढ़ावा देनाः टिकाऊ और शांतिपूर्ण समाजों की नींव का निर्माणह्ल (प्रोमोटिंग लिटरेसी फॉर ए वर्ल्ड इन ट्रांजिशनः बिल्डिंग द फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल एंड पीसफुल सोसायटीज)।

इस विशेष दिवस के लिए 2006 से लेकर अब तक निर्धारित थीम पर नजर डालें तो 2006 में सामाजिक प्रगति प्राप्ति पर ध्यान देने के लिए अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस का विषय ह्यसाक्षरता सतत विकासह्ल रखा गया था। वर्ष 2007 और 2008 में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की विषय-वस्तु ह्यसाक्षरता और स्वास्थ्यह्ल थी, जिसके जरिये टीबी, कॉलेरा, एचआईवी, मलेरिया जैसी फैलने वाली बीमारियों से लोगों को बचाने के लिए महामारी के ऊपर ध्यान केन्द्रित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2009 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के लिए इसका विषय साक्षरता और सशक्तिकरण रखा गया था जबकि 2010 की थीम ह्यसाक्षरता विकास को बनाए रखना थी।

# तिरुपति मूर्ति-पूजा से शाहरुख क्या सनातनी बन गए ? द्रमुक बताए !

फिल्मस्टार शाहरुख खान ने सनातन धर्म-विरोधी उदयनिधि स्टालिन को कल (5 सितंबर 2023) बड़े सटीक और माकूल ढंग से प्रतीकात्मक जवाब दिया। द्रमुक के इस 45-वर्षीय तमिलभाषी खेल और विकास मंत्री ने कहा था : ह्लमच्छर, डेंगू, बुखार, मलेरिया, कोरोना का केवल विरोध नहीं कर सकते, इन्हें मिटाना होगा। सनातन धर्म भी ऐसा ही है। इसे खत्म किया जाना चाहिए।ह्व इसके ठीक चंद घंटों बाद अकीदतमंद सुन्नी पठान शाहरुख खान राजधानी चेन्नई से सवा सौ किलोमीटर दूर विश्वविख्यात वैष्णव देवालय वेंकटेश्वर मंदिर (तिरुपति) मूर्तिपूजा हेतु गए। साथ में इकलौती पुत्री सुहाना खान थी। उनके साथ 38-वर्षीया उनकी नायिका नयनतारा भी थी। मलयालम की अभिनेत्री, तमिल के बाद अब तेलुगू फिल्मों की वे अदाकारा हैं। नयनतारा ने श्रीरामराज्यम (तेलुगू फिल्म) हेतु फिल्मफेयर पुरस्कार पाया था। सीता का अभिनय किया था। उनका मूल नाम है डायना मरियम कुरियन।

वेंकटेश्वर देवस्थानम के धमार्चार्य पंडित गौतम शर्मा ने मुझे फोन पर बताया कि किसी भी अहिंदू के मंदिर प्रवेश पर रोक नहीं है। केवल शर्त यही है कि वे प्रवेश टिकट खरीदें तथा एक घोषणापत्र दें कि सनातन आस्था का सम्मान करते हैं। शाहरुख खान अपनी नई फिल्म ह्लजवानह्व के ट्रेलर के रिलीज से पहले जम्मू-कश्मीर में मां वैष्णों देवी के दर्शन के लिए भी गए थे। कल (7 सितम्बर 2023) यह रिलीज होगी।

यूं तुलनात्मक रूप से शाहरुख खान अन्य इस्लामी फिल्मी हस्तियों से भिन्न पृष्ठभूमि के हैं। बॉलीवुड का बादशाह समझा जाने वाला यह अभिनेता सरदार मनमोहन सिंह सरकार द्वारा 2005 में पद्मश्री से नवाजा जा चुका है। उन्होंने फिल्मफेयर के 14 एवार्ड पाये। आठ दफा तो सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार पाया। रंगमंच और टीवी से सुनहरे पर्दे पर आनेवाले शाहरुख खान ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र पढ़ा और जामिया मिलिया इस्लामिया से पत्रकारिता में परास्नातक डिग्री ली। उनके भारत भक्त, पाकिस्तान-विरोधी परिवार के विषय में



चर्चा के पूर्व उन्हीं की भांति सीमांत प्रदेश से मुंबई आकर बसे एक अन्य फिल्मी सितारे के बारे में गौर कर लें। उस शीर्ष के अभिनेता का नाम है यूसुफ खाँ उर्फ दिलीप कुमार। उन्हें इस्लामी पाकिस्तान ने सर्वोच्च खिताब ह्लहिलाले पाकिस्तानह्व से विभूषित किया था। कारगिल युद्ध (जुलाई 1999) में मांग उठी कि पाकिस्तान हमले के कारण वे इस पाकिस्तानी उपाधि को वापस कर दें। तब इस फिल्मस्टार ने जनमत के दबाव के कारण घोषणा की थी कि वे अटल बिहारी वाजपेई से सलाह लेकर उचित फैसला करेंगे। प्रधानमंत्री का बड़ा टका सा जवाब था : ह्लपाकिस्तान से लेते समय तो मुझसे पूछा नहीं था। तो अब वापसी पर मेरी राय क्यों ? दिलीप कुमार ने खिताब वापस कर दिया। तुलनात्मक तौर पर देखें शाहरुख खान पूर्णतया राष्ट्रभक्त परिवार से हैं। भारत के स्वाधीनता-संग्राम का इतिहास गवाह है। शाहरुख खान के पिता ताज मोहम्मद खान एक स्वतंत्रता सेनानी थे। उनकी माँ लतीफा फातिमा मेजर जनरल शाहनवाज खान की दत्तक पुत्री थीं। नेताजी सुभाष बोस की आजाद हिंद फौज में जनरल शाहनवाज कमांडर थे। उसे दौर में लाल किले के जेल (1946) में नारा गूंजता था : ह्लसहगल, ढिल्लन, शाहनवाज, इंकलाब जिंदाबाद।ह्व शाहरुख खान के पिता हिंदुस्तान के विभाजन से पहले पेशावर के किस्सा कहानी बाजार से दिल्ली आए थे। हालांकि उनकी माँ रावलपिंडी से आयीं थी। ताज मोहम्मद खान मीर दो बार ब्रिटिश जेल में कैद रहे। इनके गुरु थे सीमांत गांधी खान अब्दुल गफ्फार खां। मीर साहब नामी वकील थे, कंचनजंगा पर्वतमाला पर चढ़ चुके हैं। लम्बे कद के मीर साहब को फिल्म 'मुगले आजम' के निदेशक के. आसिफ ने राजा मान सिंह की भूमिका की पेशकश की थी पर उन्होंने इंकार कर दिया। तब अभिनेता मुराद (रजा के पिता) को वह दी गई। मीर साहब फिल्म को नौटंकी मानते थे। हालांकि इसी नौटंकी का नामी कलाकार उनके बेटे शाहरुख खान अब हो गये है। नेहरू सरकार ने मीर साहब को स्वाधीनता सेनानी होने के नाते एक दुकान आवंटित की थीं। वे दिल्ली में 19 सितम्बर 1981 तक जीवित थे। इन ताज मोहम्मद मीर का जीवन का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रवादी और भारत–हितैषी कार्यक्षेत्र पेशावर था। उनके भाई गुलाम मोहम्मद गामा (शाहरुख खां के सगे चाचा) थे। तब की राष्ट्रवादी घटना है। उसी दौर में पाकिस्तानवाली मांग के अभियान में मोहम्मद अली जिन्ना पेशावर आ रहे थे। वे जोशखरोश से भारतीय मुसलमानों के लिए दारूल–इस्लाम के नाम पर भारतव्यापी जद्दोजहद चला रहे थे। उस दिन ताज मोहम्मद मीर और भाई मोहम्मद अली गामा ने सारे पेशावर में पोस्टर लगवा दिये कि अकीदतमंद के सरबराह मियां मोहम्मद अली जिन्ना दोपहर के दो बजे शाहजहानी (मस्जिद मस्जिद मोहम्मद खान) में पधार कर नमाज अता फरमायेंगे। हजारों नमाजी मस्जिद में जमा हो गये। इधर जिन्ना समझ गये कि कुछ शरारतियों की यह खुराफात है। जिन्ना ने न कभी नमाज अता की, न कोई कुरान की आयात उन्हें याद थी। न रमजान के रोजे रखते थे। न किसी मजहबी रस्म का इल्म था। इसी वजह से मोहम्मद अली जिन्ना पेशावर के अपने गेस्ट हाउस में ही बैठे रहे। मस्जिद गये ही नहीं। उधर मस्जिद में मियां गामा ने अपने लोगों को नमाजियों की भीड़ में पैठे रहने को कहा। ढाई बजे गये तो भीड़ ने "जिन्ना साहब आओं" के सूत्र पुकारे। जब जिन्ना नहीं आये तो भीड़ उनको गाली देते मस्जिद से चली गयी। खबर खूब छपी। इस घटना द्वारा शाहरुख के वालिद ताज मोहम्मद मीर तथा चाचा गामा ने दिखा दिया कि मुस्लिम लीग के अध्यक्ष और मुसलमानों के कायदे–आजम का दावा ठोकने वाले ढोंगी है। खुदा की इबाहतगाह से साफ कन्नी काट गये। भारतभर में जिन्ना की जोरदार फजीहत हुई। हिन्दुस्तान टाइम्स, नई दिल्ली, में चार कालम की हेडलाइन का फीचर छपी थी। फिल्म दर्शकों में सांप्रदायिकता–विरोधी लोग किंग खान पर बहुत नाज करते हैं। अन्य खान-अभिनेताओं की तुलना में शाहरुख सेक्युलर हैं। ऐसे मुसलमान पर भारत के गर्व हैं

# शी जिनपिंगः आते भी तो किस मुँह से

**– ऋषभदेव शर्मा**

तो चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर में नहीं आ रहे हैं! ब्रिक्स के जोहान्सबर्ग सम्मेलन के अगले ही पल उनके देश ने जिस तरह विवादास्पद नक्शा जारी किया और भारत समेत कई सारे देशों के हिस्सों को अपना बताया, उसके बाद वे भारत आते भी तो भला किस मुँह से? यह ठीक है कि उनका इस तरह जी-20 से नदारद होना असाधारण बात है, लेकिन उनकी भारत से चिढ़ जो न कराए कम है! यहाँ तक कि उसे संगठन के दस्तावेजों में 'वसुधैव कुटुम्बकम' के इस्तेमाल तक से एलर्जी है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भले ही इस रहस्यपूर्ण अनुपस्थिति की वजह बताने से इनकार किया हो, पर जगजाहिर है कि चीन और भारत के बीच विवादित सीमा को लेकर रिश्तों में कड़वाहट आ गई है और चीन इसे कम करने के मूड में नहीं है।

जी-20 एक अंतरराष्ट्रीय मंच है जो दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है। यह आर्थिक नीति पर चर्चा और समन्वय के लिए एक मंच है। यह जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसे वैश्विक



मुद्दों को संबोधित करने में भी भूमिका निभाता है। जी-20 शिखर-2023 की मेजबानी भारत कर रहा है। 2008 में संगठन की स्थापना के बाद से, कोरोना काल के सिवा, शायद यह पहली बार है कि कोई चीनी राष्ट्रपति शिखर में शामिल नहीं होंगे। इसकी कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन प्रमुख यही मानी जा रही है कि भारत और चीन के दशकों से सीमा विवाद में फँसे होने के बावजूद हाल के वर्षों में तनाव बहुत अधिक बढ़ गया है। 2020 में लद्दाख क्षेत्र की गलवान घाटी में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच घातक झड़प हुई थी। इस झड़प के कारण दोनों देशों के संबंधों में ऐतिहासिक गिरावट आ चुकी है। ऐसे में पिंग महोदय को लगा होगा कि भारत में उनका स्वागत गर्मजोशी से नहीं होगा। दूसरे, वे इस समय घरेलू स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिनमें धीमी अर्थव्यवस्था और बढ़ती सामाजिक अशांति भी शामिल है। इस वजह से भी उन्हें देश से बाहर निकलते डर सताता होगा कि उनकी गैरहाजिरी में चीन में कुछ ऊक-चूक न हो जाए। इसके अलावा हाल के वर्षों में विदेश नीति में चीन की तेजी से बढ़ती मुखरता, अपने पड़ोसियों के साथ कई क्षेत्रीय विवाद तथा अमेरिका और उसके सहयोगियों की आलोचना की प्रवृत्ति ने भी उन्हें इस मंच पर आने में हतोत्साहित किया हो सकता है।

वजहें कुछ भी हों, यह घटना चीन और भारत के बीच तनावपूर्ण रिश्तों का साफ संकेत है और इसके वैश्विक अर्थव्यवस्था और सुरक्षा पर कई प्रभाव पड़ सकते हैं। चीनी राष्ट्रपति की अनुपस्थिति से शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाना मुश्किल हो सकता है। इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि जी-20 आर्थिक नीति पर चर्चा और समन्वय के लिए एक प्रमुख मंच है। इसके अलावा, इस फैसले से चीन और भारत के बीच संबंधों में और तनाव आ सकता है। दोनों देश पहले से ही कई क्षेत्रीय विवादों में उलझे हुए हैं और शी के फैसले को भारत को चिढ़ाने की एक और सोची समझी चाल के रूप में देखा जा सकता है। इससे भविष्य में दोनों देशों के लिए अपने मतभेदों को सुलझाना और अधिक कठिन जाएगा। भारत समेत सभी सदस्य देशों को स्थिति की बारीकी से निगरानी करते हुए इस घटना के दीर्घकालिक प्रभावों का आकलन करना होगा।

अंततः यह भी कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन यह आस लगाए हुए थे कि इस मौके पर वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से अकेले में बतिया सकेंगे, लेकिन अब तो वे भी कमर जलालाबादी के सुर में सुर मिलाकर यही कह सकते हैं किः

सुना था कि वो आएँगे अंजुमन में,
सुना था कि उनसे मुलाकात होगी;
हमें क्या पता था, हमें क्या खबर थी,
न ये बात होगी, न वो बात होगी!

1. बिहार में 8 लाख नौकरियों का कॉल और व्यवस्था के नाम पर अव्यवस्था की भरमार- अशोक भाटिया

## क्या टुकड़ों में विभाजित होगा पाकिस्तान

वर्तमान में पाकिस्तान में जिस प्रकार के स्वर मुखरित हो रहे हैं, उसके निहितार्थ लगाए जाएं तो यही परिलक्षित होता है कि पाकिस्तान की जनता अब अपने ही उन नीति नियंताओं का विरोध करने पर उतारू हो गए हैं, जिन्होंने पाकिस्तान बनाने का मार्ग प्रशस्त किया था। पाकिस्तान के निर्माण के साथ ही राजनीतिक दुष्चक्र में गोता लगाने वाले पाकिस्तान के शासकों ने केवल अपने हित की राजनीति को ही प्रधानता दी। जिसके कारण न तो पाकिस्तान प्रगति कर सका और न ही वहां की जनता का जीवन स्तर बेहतर हो सका है। आज इस तथ्य को सभी जानते हैं कि पाकिस्तान की जनता अनेक प्रकार की विसंगतियों का सामना कर रही है। महंगाई का आलम यह है कि जनता लगातार पिस रही है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के आसमान छूते भाव ने जनता के माथे पर चिंता की लकीरें स्थापित कर दी हैं। अब पाकिस्तान में एक नई समस्या दिख रही है, जिसमें अब पाकिस्तान की जनता अपने शासकों को कोस रही है। इतना ही नहीं वहां की जनता के मुख से पाकिस्तान से आजादी प्राप्त करने की आवाजें सुनाई देने लगीं हैं। इससे हो सकता है कि पाकिस्तान अपनी स्वयं की करनी के कारण टूट कर बिखर जाए। पूरा विश्व इस बात को भली–भांति जानता है कि आज बलूचिस्तान, गिलगित और बाल्टिस्तान में जिस प्रकार मानवाधिकारों का हनन किया जा रहा है, उसमें पाकिस्तान का चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो गया है। इन स्थानों पर अंदर ही अंदर पाकिस्तान के विरोध में वातावरण बना हुआ है। कुछ लोगों ने खुलकर विरोध करना प्रारंभ कर दिया है, कुछ लोग पाकिस्तान के दमनकारी रवैये के कारण डरे–सहमे हुए हैं। अगर पाकिस्तान के इन क्षेत्रों के लोगों की भावनाओं को समझा जाए तो यह क्षेत्र किसी भी तरीके से पाकिस्तान के साथ रहना नहीं चाहते। भारत में जिस प्रकार से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मिली हुई है, उसी तरह की बोलने की आजादी पाकिस्तान में भी होती तो संभवतः आज पूरे पाकिस्तान में ही विरोधी स्वर सुनाई दे रहे होते। सिंध और ब्लूचिस्तान की जनता की ओर से जहां भारत में शामिल होने के स्वर सुनाई देने लगे हैं। इतना ही नहीं इन प्रदर्शनकारियों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का खुलकर समर्थन किया है। आगे चलकर यह भी हो सकता है कि बलूचिस्तान और सिंध की तर्ज पर पाकिस्तान के पंजाब में भी आजादी की मांग उठने लगे। क्योंकि पंजाब के कई लोग अपने आपको आज भी स्वाभाविक रूप से भारत का हिस्सा ही मानते हैं।

वहां भारतीय संस्कृति के अवशेष बिखरे हुए दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं वहां के जनजीवन में भी भारतीयता की झलक दिखाई देती है। पाकिस्तान में आज जो हालात दिखाई दे रहे हैं, वह केवल आतंकी आकाओं की बढ़ती हुई सक्रियता का ही परिणाम कहा जाएगा। कई क्षेत्रों में बेरोजगारी और भुखमरी के हालात हैं। पाकिस्तान ने इस समस्या के समाधान के लिए किसी प्रकार के प्रयास नहीं किए। इसके विपरीत आतंकवाद को बढ़ाने के लिए पूरा समर्थन दिया। वर्तमान में पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि लोग आतंकवाद का विरोध करना भी चाहें तो भी नहीं कर सकते। ऐसा करने पर आतंकवादी अपने ही नागरिकों पर अत्याचार करते हैं। जिसका दंश भोली–भाली जनता को भोगना पड़ रहा है। पाकिस्तान की जनता पूरी तरह से आतंकवाद से त्रस्त आ चुकी है। लम्बे समय से पाकिस्तान की दमनकारी अत्याचार को सहन कर रही वहां की जनता को जब लगा कि नरेन्द्र मोदी ने उनकी भावनाओं को समझा है, तो वह पूरी तरह से उनके साथ आने लगे हैं। इसके साथ ही कश्मीर की बात करें तो वहां के वातावरण को बिगाड़ने में पाकिस्तान का हाथ रहा है। यहां पर एक बात साफ है कि पूरी समस्या के लिए पाकिस्तान ही दोषी है, फिर भी उलटा चोर कोतवाल को डाटे वाली तर्ज पर पाकिस्तान की सरकार चल रही है।

# जी-20 में भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियां

**सबार्नंद सोनोवाल**

आज दुनिया भारत को किफायती और साक्ष्य–आधारित स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में पारंपरिक ज्ञान के भंडार के रूप में पहचानती है। इसका मुख्य कारण आयुर्वेद और योग में इसकी प्रभावशीलता है। भारत की जी–20 की अध्यक्षता ने इस प्रभावकारिता को विश्व की अग्रणी हस्तियों और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े विशेषज्ञों के सामने बहुत ही लक्षित तरीके से प्रदर्शित करने का सुनहरा मौका प्रदान किया। आयुष मंत्रालय ने वैश्विक समुदाय को यह बताने के लिए सभी प्रासंगिक विचार–विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया। भारत के पारंपरिक स्वास्थ्य विज्ञान "अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण" के सतत विकास लक्ष्य 3 (एसडीजी 3) पर ध्यान केंद्रित करते हुए मानवता और पर्यावरण की लगातार बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए इसे प्रदर्शित कर रहे हैं।

अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कोविड के बाद वैश्विक समुदाय के स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में भारी बदलाव आया है। अब यह समग्र स्वास्थ्य और कल्याण की ओर स्थानांतरित हो गया है। न्यायसंगत तरीके से उच्च गुणवत्ता, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना अब मानवता की जरूरत है। पिछले 9 वर्षों के दौरान आयुष मंत्रालय की विभिन्न पहलों ने विभिन्न पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में आधुनिक तकनीकी उपकरणों और आधुनिक पद्धतियों को शामिल किया है, जिसके परिणामस्वरूप समग्र रूप से साक्ष्य–आधारित आयुष क्षेत्र में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

यह याद रखना उचित होगा कि जापान के ओसाका में जी–20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में 5 ए – एक्सेसीबल (पहुंच योग्य), अफोर्डेबल (किफायती), अप्रोप्रिएट (समुचित), एकाउंटेबल (जवाबदेह) और एडेप्टेबल (अनुकूलनीय) के बारे में बताया था। आयुष मंत्रालय इन आयामों में लगातार योगदान दे रहा है और भारत की जी–20 अध्यक्षता के तहत व्यापक चर्चा के दौरान मंत्रालय ने विभिन्न कार्यक्रमों/सेमिनारों में प्रदर्शित किया कि उसके पास (ए) जी–20 देशों के भीतर पारंपरिक चिकित्सा के लिए अनुसंधान एवं विकास और नियामक दिशा–निर्देशों का मानकीकरण को लेकर वैश्विक सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए सभी आवश्यक साधन हैं; (बी) ज्ञान साझा करने, क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों की सुविधा के लिए उद्योग जगत से हितधारकों को शामिल करना। मंत्रालय ने सहयोग और साझेदारी के संभावित क्षेत्रों की पहचान करने के लिए विभिन्न जी–20 भागीदारी और कार्य समूहों के साथ मिलकर काम किया।

जी–20 के तहत स्वास्थ्य कार्यसमूह की स्थापना महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर संवाद बढ़ाने और जी–20 देशों के दिग्गजों को सूचित करने के लिए की गई है। साथ ही, यह समूह वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए समान स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त करने की दिशा में काम करता है। आयुष मंत्रालय ने जी–20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सभी कार्य समूह कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया। यह सब 17–18 अगस्त को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन में किया गया। गुजरात के जामनगर में पारंपरिक चिकित्सा के लिए डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर में भागीदारी, विचारों और अनुभवों के आदान–प्रदान के मामले में और डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा रणनीति 2025–35 के दस्तावेज दोनों के लिए भविष्य की रणनीतियों को तैयार करने को लेकर शिखर सम्मेलन एक बड़ी सफलता थी।

पारंपरिक चिकित्सा में भारत सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस ने इस वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान पांरपरिक चिकित्सा में भारत के निर्विवाद योगदान की पुष्टि की। उल्लेखनीय है कि इस वैश्विक शिखर सम्मेलन के परिणाम दस्तावेज को जल्द ही डब्ल्यूएचओ द्वारा गुजरात घोषणा के रूप में जारी किया जाएगा।

हाल ही में, जुलाई में दिल्ली में जी–20 शेरपा, अमिताभ कांत की अध्यक्षता में आयुष मंत्रालय द्वारा स्थिति का जायजा लिया गया था। बैठक में जी–20 के माध्यम से वैश्विक स्तर पर चिकित्सा की आयुष प्रणालियों को बढ़ावा देने के आयुष मंत्रालय के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (जीसीटीएम) के भीतर नवीन तकनीकों और नवीन दृष्टिकोणों को शामिल करने का सुझाव देते हुए, अमिताभ कांत ने विस्तार से बताया कि कैसे इनफ्यूजन पारंपरिक कार्यप्रणालियों को आधुनिक बनाएगा और उनकी प्रभावशीलता को बढ़ाएगा, जिससे पारंपरिक चिकित्सा की व्यापक स्वीकृति और उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने जी–20 के सभी भागीदार समूहों में पारंपरिक चिकित्सा के सिद्धांतों को एकीकृत करने के लिए हितधारकों के बीच बेहतर सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

जी–20 की विभिन्न एंगेजमेंट और वर्किंग ग्रुप की बैठकों में आयुष मंत्रालय के प्रयासों का निश्चित रूप से प्रभाव पड़ा है। इस बैठक में यह तब स्पष्ट हुआ जब स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अपर सचिव श्री लव अग्रवाल की टिप्पणी में उन्होंने भारत की जी–20 अध्यक्षता के दौरान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की आगामी स्वास्थ्य संबंधी घोषणा में पारंपरिक चिकित्सा को शामिल करने की पुष्टि की। उन्होंने आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की पूरी क्षमता का पता लगाने और सहयोग करने के लिए विशेषज्ञों और हितधारकों को एक मजबूत मंच प्रदान करने के लिए पारंपरिक चिकित्सा के लिए एक समर्पित मंच की स्थापना की आवश्यकता भी जताई। उसी बैठक में, स्टार्टअप–20 के इंडिया चेयर श्री चिंतन वैष्णव ने कहा कि आयुष चिकित्सा प्रणाली को भविष्य को आकार देने वाले स्टार्टअप–20 एजेंडा की सूची में शामिल किया गया है, जिसे ब्राजील की जी–20 की अगली अध्यक्षता के तहत आगे बढ़ाया जाएगा।

अपने अत्याधुनिक अस्पतालों और अत्यधिक कुशल डॉक्टरों के साथ, भारत चिकित्सा पर्यटन के लिए सबसे लोकप्रिय स्थलों में से एक बनकर उभरा है। देश में चिकित्सा पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए, तिरुवनंतपुरम में पहले स्वास्थ्य कार्यसमूह ने चिकित्सा मूल्य

# राहुल के पदयात्रा का साल पूरा होने पर कांग्रेसियों ने की पदयात्रा

## नफरत हरा राहुल ने खोली है मोहब्बत की दुकान: अखिलेश

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जननायक राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरा होने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेस कार्यालय से पदयात्रा शुरू की गई। ये पदयात्रा धनुष चैराहे होते हुए पटेल तिराहा से शहीद स्मारक में नुक्कड़ सभा में बदल गई।
गुरुवार को सभा में प्रदेश महासचिव अखिलेश शुक्ला ने कहा कि सात सितंबर 2022 को नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी, जो कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक चार हजार किमी की यात्रा थी, नफरत को हराकर मोहब्बत की दुकान खोलने का राहुल गांधी ने काम किया है। जिलाध्यक्ष कुशाल सिंह पटेल ने कहा कि जिस तरह से देश में महंगाई-बेरोजगारी बढ़ रही है, उसके खिलाफ कांग्रेस जनता के हितों के लिए संघर्ष कर रही है। नेता राहुल गांधी सदन में आवाज उठाते हैं तो उनकी सदस्यता समाप्त करने की साजिश की जाती है। कांग्रेस हमेशा गरीब, मजदूर, किसान के लिए संघर्ष करती आ रही है, आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी पीसीसी सदस्य रंजना बरातीलाल पांडे ने



कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से मोदी सरकार तिलमिला गई है। विपक्ष की आवाज दबाने को संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। मणिपुर, हरियाणा में नफरत की चिंगारी फैलाने का काम किया है। संकल्प दिलाया कि संविधान एवं लोकतंत्र विरोधी सरकार को उखाड फेंका जायेगा। इंडिया की सरकार बनाने का काम किया जायेगा। प्रदेश सचिव सेवादल कुलदीप मिश्रा ने कहा कि किसान, नौजवान, मजदूर महंगाई से जूझ रहा है। उद्योगपतियों के ऋण माफ किये जा रहे हैं। किसानों को परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस आम जनता के हितों को हमेशा संघर्ष करती रहेगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, हेमराज त्रिपाठी, अनिल गुप्ता, राकेश वर्मा, कालीचरण राजपूत, राजनारायण निषाद, विजयमणि त्रिपाठी, यमुना शुक्ला, पवन रजक, अतुल तिवारी, अरुण गुप्ता, शिवशंकर खंगार, दिवाकर त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, चुनवाद प्रसाद, इंद्रजीत उपाध्याय, भोला द्विवेदी, सचिन, महेंद्र सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, मानवेंद्र पटेल, राजेश सिंह पटेल, धर्मेंद्र गौतम, राम प्रकाश, गरीबदास, महेंद्र निषाद, रामबचन निषाद, हरिओम पांडे, प्रदीप सिंह पटेल समेत आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## बैंक प्रेसिडेंट संजय दत्त ने सदगुरू चिकित्सालय देखा, नेत्र रोगियों की सेवा देख चिकित्सालय को सौंपा रोगी वाहन




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** आईसीआईसीआई फाउंडेशन बैंक अध्यक्ष संजय दत्त ने चित्रकूट भ्रमण दौरान सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के जानकीकुंड में स्थापित सदगुरू नेत्र चिकित्सालय में नेत्र रोगियों की हो रही सेवा को देखकर प्रभावित हुए। उन्होंने नेत्र रोगियों को लाने और छोड़ने को आईसीआईसीआई बैंक फाउंडेशन की ओर से एक रोगी वाहन ट्रस्ट को हरी झंडी दिखाकर सौंपते हुए कहा कि वे नेत्र रोगियों की सेवा देखकर खुश हैं।
गुरुवार को संजय दत्त ने कहा कि इसे देखते हुए उन्होंने सोंचा है कि सबको ऐसे पुण्य कामों में सहभागिता करनी चाहिए। यहां पर हो रही मानवसेवा में वह भी सहभागिता कर कुछ पुण्य अर्जित करने जा रहे हैं। इस पुनीत काम में सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने ट्रस्ट का भ्रमण कर ट्रस्ट से संचालित प्रकल्पों को देखा। ट्रस्ट के ट्रस्टी/ डायरेक्टर डा बीके जैन, ट्रस्टी मनोज पांड्या, ट्रस्टी डा इलेश जैन ने उन्हें शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सदगुरु परिवार की ओर से स्वागत किया।

## धुस मैदान केन्द्र की बिजली आज आठ बजे रात तक रहेगी बन्द

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** विद्युत वितरण खंड के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि 33/11 केवी उपकेन्द्र धुस मैदान से पोषित उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि आठ सितम्बर शुक्रवार को उपकेन्द्र पर पावर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि पांच एमवीए से दस एमवीए का कार्य होना है। क्षमता वद्धि कार्य के कारण उपकेन्द्र से पोषित 11 केवी फीडरों कर्वी तृतीय, एलआईसी, चित्रकूट एवं पाठा जलकल की विद्युत आपूर्ति सवेरे आठ बजे से रात आठ बजे तक बन्द रहेगी। उन्होंने असुविधा के लिए खेद जताया है।

## एक वारंटी-एक वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व एक वारंटी को दबोचा है।



गुरुवार को कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा राधेश्याम सिंह ने सिपाही राहुल देव के साथ दुष्कर्म, छेडछाड, जान से मारने की धमकी व हाईटी एक्ट तथा एससी/एसटी एक्ट के वांछित सुनील यादव पुत्र राजकरन निवासी ऐरानमाफी को गिरफ्तार किया है।
प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने दस्यु संरक्षण के वारंटी भीमषेन पुत्र अमरनाथ निवासी किशोर का पुरवा मजरा सुरवल को गिरफ्तार किया है।

## 54 क्वार्टर देशी शराब समेत दो गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों से 54 क्वार्टर देशी शराब समेत दबोचा है।



गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा प्रभाकर उपाध्याय की टीम ने दीपेन्द्र पुत्र महावीर श्रीवास धोबीगंज कस्बा राजापुर के कब्जे से तीस क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा अजहर जमाल की टीम ने श्रीराम यादव पुत्र रामप्रसाद निवासी उसरी पुरवा मजरा मकरी पहरा थाना पहाड़ी के कब्जे से 24 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# शासकीय धन के लुटेरे पर डीएम कब करेंगे कार्यवाही?

## जिला सूचना कार्यालय के प्राइवेट कर्मी का एक और कारनामा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला सूचना कार्यालय के प्राइवेट कर्मी ने विभाग को चूना लगाने को चारागाह बना लिया है। शासकीय विज्ञापनों को स्थानीय संस्करण में प्रकाशित कराने के नाम पर लाखों का खेल हो रहा है। ऐसे पेपरों से खुद समेत पांच लोगों को मान्यता दिलाकर भी लाखों वसूले हैं। मान्यता के नवीनीकरण में भी प्रतिवर्ष लाखों रुपये वसूले जाते हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द शासकीय धन के लुटेरे पर कब कार्यवाही करेंगे?
जिला सूचना कार्यालय के प्राइवेट कर्मी ने तकरीबन बीस साल से जिला सूचना कार्यालय को डेरा बनाकर लूट का अंतहीन सिलसिला शुरू किये है। यहां न आने वाले पेपर रेडिकल टाइम्स, कौमीमुकाम, जदीद वार्ता व च्वाइस टाइम्स का अघोषित सम्पादक बनकर लूट का खेल जारी किये है। ऐसे पेपरों के चित्रकूट जिले से संस्करण भी निकल रहे हैं, जो सिर्फ कागजों में हैं। पेपर नियमित नहीं आते, जबकि स्थानीय संस्करणों के पेपर प्रतिदिन नियमित जिला सूचना कार्यालय में आने चाहिए। छह माह में रिकार्ड दुरुस्त करने को पेपर मंगाकर सूचना विभाग के लिपिक से नियमित दिखवाये जाते हैं।
ऐसे पेपरों के नाम से लूट का खेल अरसे से जारी है। इसने खुद समेत जिले में पांच लोगों को इसी फजीर्वाडे से मान्यता भी दिलाई है। सूचना विभाग में होने का लाभ उठाते हुए मान्यता दिलाने के नाम पर चार लोगों से मोटी रकम वसूली है। भले ही मान्यता पाने वाले कुछ न कहें, लेकिन हकीकत सभी लोग जानते हैं। ऐसे चार लोगों से प्रतिवर्ष नवीनीकरण के नाम पर भी धन वसूली की जाती है। जिन्हें मान्यता दिलाये है, उन्हें जिले में कोई पत्रकार नहीं जानता। ऐसे लोगों का पत्रकारिता में भी कोई योगदान नहीं है। ऐसे लोग अपना बडा कारोबार कर रहे हैं।
कोई होटल-रिसार्ट चला रहा है तो कोई बडा नेता है तो कोई रियल स्टेट के कारोबार में लगा है। ये प्राइवेट कर्मी सूचना विभाग का कबाडा करने में कोई चूक नहीं कर रहा है। पत्रकारिता को उदरपूर्ति का साधन बनाये है। इस प्राइवेट कर्मी पर जिला सूचना अधिकारी क्यों इतने मेहरबान हैं, इसके पीछे भी निहितार्थ स्वार्थ छिपे हैं। तभी तो इसे हटाने में वे कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। शासकीय धन का बेजा ढंग से दोहन करना अपराध की श्रेणी में आता है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द कब इस प्राइवेट कर्मी पर कार्यवाही करेंगे या फिर उसे लूट का अंतहीन सिलसिला जारी रखने की मौन स्वीकृति देंगे? ये सवाल सभी के जेहन में कौंध रहे हैं।

## घर ढहने से सडक पर आ गया किसान



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मऊ तहसील क्षेत्र के खंडेहा गांव में भारी बारिश से एक गरीब किसान का घर ढह गया। घर ढहने से किसान का 25 वर्षीय पुत्र मलबे में दब जाने से गंभीर रुप से घायल हो गया।
ये हादसा पांच सितम्बर की रात खंडेहा गांव में हुआ। बताया गया कि मनोहर पुत्र हीरालाल यादव का घर रात लगभग दस बजे ढह गया। कच्चे घर में मनोहर का पुत्र पप्पू मलबे में दब गया था। ग्रामीणों के सहयोग से उसे मलबे से निकालकर उपचार को अस्पताल में भर्ती कराया। मनोहर पुत्र हीरालाल ने एसडीएम मऊ को लिखे पत्र में आर्थिक सहायता एवं आवास देने की मांग की है। घर ढहने से गरीब किसान का परिवार सड़क पर रहने को मजबूर हो गया है।

# आठ वर्ष से एक ही ब्लाक में जमे हैं सचिव पति-पत्नी

## शासनादेशों का हो रहा उल्लंघन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में सूबे के मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उडाते हुए जिम्मेदार शासनादेशों को दरकिनार कर एक ही ब्लाक में आठ वर्ष से सहायक विकासखंड अधिकारी/सचिव कमलाकर सिंह तैनात हैं, जबकि तीन वर्ष से ज्यादा कार्य नहीं कर सकते। गुरुवार को मानिकपुर ब्लाक के एडीओपी के आठ साल से तैनात होने का मामला सामने आया है। नियमानुसार कोई भी अधिकारी एक ब्लॉक में तीन वर्ष से ज्यादा कार्यरत नहीं रह सकता। इसका अनुपालन न करते हुए ब्लॉक मानिकपुर में तैनात सचिव कमलाकर सिंह व उसकी पत्नी वंदना सिंह दोनों एक ही ब्लॉक में 2016-2017 से सचिव पद पर कार्य कर रहे हैं। कमलाकर सिंह को अतिरिक्त पद कार्यभार सहायक विकास खंड अधिकारी का भी मिला है, जो नियमतः गलत है।
सचिव कमलाकर सिंह पैसे की ताकत के बूते एक ही ब्लॉक में पति-पत्नी दोनों तकरीबन आठ वर्ष से अंगद की तरह पैर जमाये हैं। सचिव पति-पत्नी मनमानी से भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, जनहित में सचिव का तबादला उचित है। सचिव पति-पत्नी उच्चाधिकारी से मिलीभगतर के चलते अपना तबादला रुकवा लेते हैं। सचिव बडे नेताओं से अपनी पैठ बताते हुए प्रधानों पर दबदबा बनाये है। सचिव का प्रधानों पवर इस कदर खौफ है कि प्रधान उसके आगे मुंह खोलने में घबराते हैं। एक ही ब्लॉक में पति-पत्नी आठ वर्षों से जमे हैं। सचिव पर अधिकारियों की मेहरबानी है। सचिव की मनमानी से ब्लॉक के सफाई कर्मी भी परेशान हैं। प्रधानों से सफाई कर्मियों की शिकायत मंगवाता है। फिर उन्हें कार्यवाही की धमकी देकर वसूली करता है। इस बारे में सचिव कमलाकर सिंह से फोन पर बात करने के प्रयास किये गये। उनका फोन स्वीच आफ बताता रहा।

## गांजा समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेंद्र सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पांडेय की टीम ने निर्भय सिंह उर्फ बग्गड़ पुत्र फक्कड़ सिंह निवासी देवारी को एक किलो दो सौ ग्राम गांजे के साथ दबोचा है। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पांडेय, सिपाही राहुल पुरी व ललित सोनी शामिल रहे।



## इनसो की पंजाब यूनिवर्सिटी में महासचिव पद पर भारी जीत, इनसो कार्यकर्ताओ ने मदवि में लड्डू बाँटे

**रोहतक। पंजाब** यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में हुए छात्र संघ चुनावो में महासचिव पद पर इनसो के दीपक गोयत ने भारी बहुमत से जीत हासिल करके इनसो के विजयी अभियान को जारी रखा। आज इसी खुशी में इनसो जिला प्रधान प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में इनसो कार्यकर्ताओ ने मदवि में लड्डू बाँटे प्रदीप शर्मा व रवि रेढु ने कहा कि इनसो छात्र संघ उत्तर भारत का सबसे लोकप्रिय छात्र संगठन है जो निरंतर छात्रों की आवाज को प्रमुखता से उठाता रहा है।
पंजाब यूनिवर्सिटी में महासचिव पद पर पिछली बार भी इनसो के प्रवेश बिश्नोई विजयी हुए थे और इस बार पिछली बार के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए लगभग 1800 वोटों के अंतर से दीपक गोयत विजयी हुए प्रदीप शर्मा व रवि रेढु ने कहा कि चाहे हरियाणा ,राजस्थान,दिल्ली ,चंडीगढ़ हो इनसो हर जगह प्रमुखता से छात्रों की आवाज उठाता रहा है और उनके हको की लड़ाई लड़ता रहता है प्रदीप शर्मा ने आगे कहा कि इनसो सदैव ही ताऊ देवीलाल की नीतियों पर चलकर गांव देहात से आए छात्रों की विश्वविद्यालयो में मदद करता रहता है उनकी हर समस्या में उनके हको की लड़ाई बड़ी मजबूती से लड़ता है इनसो की इस कामयाबी पर कार्यकर्ताओ मे खुशी की लहर है इनसो हरियाणा सरकार से भी छात्र संघ चुनाव प्रदेश में बहाल करने की माँग करती है। ताकि छात्रों को प्रतिनिधित्व मिले और प्रदेश को भविष्य के नेता मिले।खुशी के इस मोके पर यूआईईटी एमडीयू के प्रधान रितेश यादव ,आयुष बूरा, साहिल मालिक, विशाल शर्मा, मोंटू, केतन, मनीष राओ, लोकेश, यश मलिक, प्रवेश, अमन , सुमित व अन्य साथी भी उपस्थित रहे।

# जल है अमूल्य, जल है तो कल है: पंकज अग्रवाल

## नमामिगंगे की हुई कार्यशाला

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** नमामिगंगे जल जीवन मिशन के तहत जिला स्तरीय जनजागरूकता कार्यशाला संस्था अंबर प्रेस प्राइवेट लि व जल निगम के सहयोग से तहसील सभागार में हुई। जिला समन्वयक वीरेंद्र कुमार तिवारी, सहायक समन्वयक अभिषेक त्रिपाठी, अनूप तिवारी, कुलदीपक मिश्र, अशोक मिश्र, चंद्रभूषण राय, आरती गुप्ता ने कार्यशाला में गांव-गांव से हिस्सा लेने पहुंची जल सखियों को जल संचयन एवं जल जनित बीमारियों की जानकारी दी। उन्हें जल की शुद्धता की जांच के तौर-तरीके बताये।
गुरुवार को कार्यशाला में बतौर




मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, कोआपरेटिव बैंक जिलाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने जल टेस्टिंग किट जल सखियों में बांटी। कार्यशाला में लघु उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामेंद्र कुमार गौतम, वार्ड मेम्बर शंकर यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम संजय कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता विश्वजीत भी मौजूद रहे। जल जीवन मिशन जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे आदि ने किया। कार्यशाला में कहा कि पृथ्वी में जल बैंक दिनोंदिन कम होता जा रहा है, क्योंकि जल संचयन नहीं कर पा रहे। हमारे पास 97.5 प्रतिशत समुद्री जल है, जो पीने योग्य नहीं है। सिर्फ 2.5 प्रतिशत उपयोगी जल है। इसमें भी 1.5 प्रतिशत जल प्रदूषित है। सिर्फ एक प्रतिशत जल मीठा पीने योग्य है। पानी बचाना सबसे पुण्य कार्य है। जल है तो कल है, जल ही जीवन है। जल का संचय करें। एक-एक बूंद बचायें, जल को बर्बाद न होने दें। योजना का क्रियान्वयन जिले में हो रहा है। मऊ व बरगढ़ के गांव में हर घर नल योजना पहुंच चुकी है।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर। राष्ट्रीय तंबा**कू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारियों, जिला नोडल अधिकारियों, जिला सलाहकारों, परामर्शदाताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
ब्लूमबर्ग परियोजना के तहत रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को तम्बाकू उत्पादों की व्यापकता एवं इसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।
कार्यशाला में तंबाकू नियंत्रण के लिए प्रभावी कानूनों सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003, ई-सिगरेट अधिनियम-2019 तथा हुक्का प्रतिबंध के लिए राज्य द्वारा संशोधित अधिनियम सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धाराओं व प्रावधानों के बारे में भी बताया गया। राज्य को तंबाकूमुक्त बनाने के लिए इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों को तंबाकू नियंत्रण के लिए राज्य द्वारा तय रणनीतियों जैसे तम्बाकूमुक्त कार्यालय, तम्बाकूमुक्त शिक्षण संस्थान, तंबाकू नशामुक्ति केन्द्र और उसके क्रियान्वयन की भी विस्तृत जानकारी कार्यशाला में दी गई।

## मध्यप्रदेश में करारी हार की तरफ बढ़ती बीजेपी : बोहत

**विदिशा/पठारी।** मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव इस बार दिलचस्प होने वाला है, मुख्य मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी में तो है ही, पर इससे ज्यादा ये जनता और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। जिन घोषणाओं को शिवराज गेम चेंजर मान रहे थे, वो गले की हड्डी बन गई हैं। शिवराज ने सोचा था की आखरी के चार महीनों में इतनी रेवड़ियाँ बाटूंगा की लोग 18 साल की भूख भूल जायेंगे।
मुख्यमंत्री ने शुरूआत भी अच्छी की, मगर जनता ने सवाल उठाना शुरू कर दिया की 18 साल तक कहाँ थे ? क्यों जाते जाते याद आई लाड़ली बहना की ?
उक्त विचार पूर्व विधनसभा प्रत्यासी सुभाष बोहत एडवोकेट ने व्यक्त किए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी लगभग हर मंच से एक ही सवाल पूछा है की 18 साल तक कहाँ थे शिवराज ? आखरी 4 महीनो में शिवराज को बहने याद आ रही हैं, किसान याद आ रहे हैं, कर्मचारी याद आ रहे हैं...शिवराज को सब कुछ याद आ रहा है।

# जिले में धूमधाम से मना जन्माष्टमी पर्व, बच्चों ने पेश की मनमोहक तस्वीरें

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मथुरा से लेकर चित्रकूट तक कृष्ण जन्माष्टमी में बच्चों ने मनमोहक तस्वीरें पेश की है। जिला मुख्यालय समेत सीतापुर, रामघाट, शिवरामपुर, राजापुर, मऊ, मानिकपुर में जन्माष्टमी की झांकियां व विभिन्न कार्यक्रम चल रहे है। शहर के कई स्कूलों में नन्हे-मुन्हे बच्चों ने कृष्ण-राधा की वेशभूषा में जमकर मस्ती की है। गुरुवार को जन्माष्टमी पर्व पर भगवान कृष्ण के बारे में शिक्षकों ने बच्चों को जानकारी दी। शहर के स्कूलों में जन्माष्टमी पर्व आस्था व श्रद्धा के साथ मनाते हुए चारों ओर खुशबू बिखेर दी। बच्चों ने कई प्रकार की गतिविधियां पेश की। प्लेग्रुप के बच्चों ने रंग-बिरंगे फूलों और सितारों से घर को सजाया। बच्चों ने कृष्ण-राधा के वेश में झूले झूलकर जमकर लुत्फ उठाया। स्कूल के मैनेजर ने कहा कि स्कूल में हर वर्ष जन्माष्टमी पर्व मनाया जाता है, ताकि बच्चों को पर्व की जानकारी हो सके। कामतानाथ परिक्रमा मार्ग मठ-मन्दिरों में जन्माष्टमी पर्व की सजावट जारी



है। मठ-मन्दिरों विशेष पूजा-पाठ के दौर चल रहे हैं। उप्र-मप्र के कई जिलों से हजारों की तादाद में श्रद्धालु चित्रकूट आये हैं। यहां दो दिन जन्माष्टमी बडी गुफा जानकीकुण्डी, पंजाबी भगवान आश्रम, संतोषी अखाडा, बांके बिहारी मन्दिर व धारकुण्डी आश्रम में मनाई जायेगी। इसी क्रम में शहर के ओम प्लाजा के मालिक देवराज यादव, मोनू यादव व पवन यादव ने शहर में जन्माष्टमी पर्व पर शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में तमाम लोगों ने शिरकत की।

# विदेश संदेश

## नेपाल के पूर्व मंत्री पर खुकुरी से जानलेवा हमला, ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

**काठमांडू।** सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस के सह महासचिव एवं पूर्व मंत्री महेन्द्र यादव पर जानलेवा हमला किया गया है। यादव की गर्दन पर धारदार खुकुरी से प्रहार किया गया। खून से लथपथ यादव को तत्काल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। काठमांडू के रिपोर्टर्स क्लब में पत्रकारों के साथ वार्ता के बाद बाहर निकलते ही उन पर जानलेवा हमला हुआ है। काठमांडू पुलिस के एसपी कुमुद ढुंगेल ने बताया कि करीब 45 वर्षीय श्याम सापकोटा ने पूर्व मंत्री महेन्द्र यादव पर खुकुरी से प्रहार किया है। हमले का कारण पता नहीं चल पाया है। हमलावर सापकोटा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। गर्दन पर गहरे घाव के कारण महेन्द्र यादव को ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रख कर इलाज किया जा रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव के कारण अवस्था गम्भीर है।



## कार्यस्थल पर लापरवाही से ली एक की जान, भारतीय मूल के व्यक्ति को हुई जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक भारतीय मूल के व्यक्ति को कार्यस्थल पर लापरवाही के आरोप में 18 सप्ताह जेल की सजा सुनाई है। बता दें कि भारतीय मूल के कर्मचारी की गलती से एक भयानक हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। सिंगापुर के जनशक्ति मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने गुरुवार को अगस्त महीने की एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया कि एशियाबिल्ड कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले अलगप्पन गणेशन को 7 जुलाई 2022 की घटना के लिए 15 अगस्त को सजा सुनाई गई।

दरअसल 7 जुलाई 2022 को गणेशन एक कार पार्किंग में भारी समान उठाने वाली फोर्कलिफ्ट का संचालन कर रहा था। उसी कार पार्किंग में उसके सहयोगी कुंजप्पा मुकेश और एक अन्य केबल बिछाने का काम कर रहे थे। केबल के फोर्कलिफ्ट के नीचे आकर कुचलने से रोकने के लिए कुंजप्पा और उसके साथ काम कर रहे एक अन्य कर्मचारी ने केबल को फोर्कलिफ्ट के ऊपर से फेंककर दूसरी तरफ फेंकने की कोशिश की लेकिन केबल फोर्कलिफ्ट की छत पर अटक गया।

इस पर कुंजप्पा ने फोर्कलिफ्ट की छत पर जाकर केबल हटाने की कोशिश की तो गणेशन ने लापवाही में मशीन को रिवर्स चलाना शुरू कर दिया, जिससे कुंजप्पा फोर्कलिफ्ट की छत और बीम में फंसकर बुरी तरह घायल हो गया। बाद में इलाज के दौरान कुंजप्पा की मौत हो गई। मंत्रालय ने बताया कि गणेशन को कार्यस्थल पर लापरवाही का दोषी पाया गया। जिसके चलते उसे सजा सुनाई गई।

## सुनक बोले- मुझे हिंदू होने पर गर्व, मेरा भारतीयों से हमेशा जुड़ाव रहेगा

**बोगोटा।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कई बार भारत और हिंदू धर्म को लेकर बयान दे चुके हैं। एक बार फिर उन्होंने एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि 'मेरी पत्नी भारतीय हैं और एक गौरवान्वित हिंदू होने के नाते, मेरा हमेशा भारत और भारत के लोगों से जुड़ाव रहेगा। मुझे अपनी भारतीय जड़ों और भारत से अपने संबंधों पर बेहद गर्व है'।

आगे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि दुनिया के सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए हम जी20 की अध्यक्षता के माध्यम से भारत के साथ मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 2023 भारत के लिए बहुत बड़ा साल है। साथ ही उन्होंने पीएम मोदी के साथ होने वाली मुलाकात को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के साथ मेरी मुलाकात वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा करने का अवसर है, और उन्हें संबोधित करने में यूके और भारत को बड़ी भूमिका निभानी है।

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने अपने मंत्रियों से कहा कि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत प्रगति पर है और ब्रिटेन सिर्फ उस समझौते पर सहमत होगा जो पूरे देश के लिए काम करेगा। सुनक ने कहा, भारत आर्थिक रूप से और सभी लोकतंत्रों के सामने आने वाली वैश्विक चुनौतियों से निपटने में ब्रिटेन का एक अपरिहार्य भागीदार है। उन्होंने भारत-ब्रिटेन संबंधों की मजबूती पर जोर दिया। हाल में, खालिस्तान समर्थकों ने भारत के विदेशों में स्थित उच्चायोग को निशाना बनाया था। लंदन में कई बार ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया गया। जब पीएम सुनक से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ब्रिटिश पुलिस हिंसक कृत्यों से निपटने के लिए पूरी तरह सशक्त है।

## दिल्ली से दिली तक: दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश तिमोर-लेस्ते में खुलेगा भारतीय दूतावास

**जकार्ता।** भारत ने अपनी एक्ट ईस्ट नीति पर अमल करते हुए दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश तिमोर-लेस्ते में भारतीय दूतावास खोलने का फैसला किया है। इंडोनेशिया के जकार्ता में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह घोषणा की।

इंडोनेशिया के जकार्ता में 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार सुबह पहुंचे। सम्मेलन में उन्होंने तिमोर-लेस्ते के दिली में भारतीय दूतावास खोलने की घोषणा की। इस फैसले का तिमोर-लेस्ते और आसियान के सदस्यों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस फैसले को भारत की एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप बताया जा रहा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर इस फैसले को आसियान देशों के लिए महत्वपूर्ण करार दिया। यह फैसला इस बात का प्रतिबिंब है कि भारत आसियान को कितना महत्व देता है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इस फैसले को एक्ट ईस्ट इन एक्शन- दिल्ली टू दिली के रूप में परिभाषित किया।



बाद में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि आसियान नेताओं से मिलकर हमेशा खुशी होती है। उन्होंने कहा कि आसियान-भारत शिखर सम्मेलन बेहतर भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और सहयोग का प्रमाण है। हम भविष्य के क्षेत्रों में एक साथ काम करने के लिए तत्पर हैं, जिससे मानव प्रगति में वृद्धि होगी। एक अन्य ट्वीट में भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि जकार्ता में आयोजित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान मानव सशक्तीकरण को आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग बढ़ाने पर सार्थक चर्चा हुई।

## बांग्लादेश सरकार तुर्किए से 90 हजार आंसू गैस के गोले खरीदने जा रही है

**ढाका।** बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार तुर्किए से 90 हजार आंसू गैस के गोले खरीदने जा रही है। संयुक्त सचिव की अगुवाई में बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल तुर्किये के आंसू गैस गोले तैयार करने वाले कारखानों का दौरा कर उनकी प्रभावशीलता की जांच के लिए वहां गया हुआ है।

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक बांग्लादेश के 12वें राष्ट्रीय चुनाव से पहले सरकार विरोधी आंदोलन तेज हो गया है। अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार को आशंका है कि आंदोलन के नाम पर उनके विरोधी 2013-2015 जैसी अराजक स्थिति की पुनरावृत्ति कर सकते हैं। जिनसे निबटने के लिए सरकार ने हर स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। जिसमें पुलिस सतर्कता के साथ-साथ आंसू गैस के गोले खरीदे जाने की तैयारी है।



गौरतलब है कि सरकार विरोधी आंदोलन में शामिल दर्जन भर से अधिक राजनीतिक दल, राष्ट्रीय चुनाव से पहले प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे और एक तटस्थ अंतरिम प्रशासन की मांग को लेकर सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन रहे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अगुवाई वाले विपक्षी गुट की दूसरी प्रमुख मांगों में बीएनपी अध्यक्ष व पूर्व प्रधान खालिदा जिया की बिना शर्त रिहाई व बीएनपी नेताओं के खिलाफ चल रहे तमाम मामलों को वापस लिया जाना शामिल है। इनका आरोप है कि बीएनपी के करीब 45 लाख समर्थकों के खिलाफ राजनीति से प्रेरित 135000 से अधिक कानूनी मामले चल रहे हैं।

दूसरी ओर सरकार को आशंका है कि विपक्षी दल उसी तरह की तोड़फोड़ व अराजक स्थिति दोबारा पैदा कर सकते हैं जो 2013 में आंदोलन के नाम पर की गई थी। गृह मंत्रालय को इस दौरान धार्मिक कट्टरपंथी गुटों और आतंकी समूहों की सक्रियता की भी आशंका है। जिससे देश के हालात दोबारा खराब हो सकते हैं। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने अपने स्तर पर तमाम तैयारियों के साथ पिछले चुनाव से पूर्व और बाद में अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ दर्ज मामलों की जांच और सुनवाई में तेजी लाने का आदेश दिया है। साथ ही गैस के गोले की खरीद से पहले संयुक्त सचिव एसएम फिरदौस की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल तुर्किये भेजा गया है जो वहां के कारखानों का दौरा कर उनकी प्रभावशीलता की जांच करेगा।

## इंडोनेशिया में रूस के विदेश मंत्री लावरोव से मिले जयशंकर



**जकार्ता।** पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन से इतर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से भेंट की एवं जी20 से संबंधित मुद्दों के साथ ही द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि जकार्ता में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन से इतर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा। हमारे द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग का जायजा लिया। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और जी20 मुद्दों पर चर्चा की।' इससे पहले, दोनों नेताओं ने अगस्त के अंत में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान जोहानिसबर्ग में मुलाकात की थी। विदेश मंत्री लावरोव 9 और 10 सितंबर को नयी दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रपति पुतिन ने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में भारत में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता जतायी थी। आसियान शिखर सम्मेलन से संबंधित बैठकों में भाग लेने के लिए यहां आए जयशंकर ने इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी से भी मुलाकात की और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और जी20 शिखर सम्मेलन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

## जापान भी चला चांद की ओर, जाक्सा ने लॉन्च किया मून स्पाइनर

**-पिछले माह तीन बार टालने के बाद मिली सफलता**

**टोक्यो।** भारत के बाद अब जापान भी चांद की ओर चल दिया है। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जापान एक्स्प्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने गुरुवार को जापान का बहुप्रतीक्षित मून मिशन 'मून स्नाइपर' लॉन्च किया। पिछले महीने एक सप्ताह के भीतर तीन बार यह मिशन टालने के बाद नाक्सा को चौथी बार लॉन्चिंग में सफलता मिली है।

नॉक्सा ने जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से एच-2ए रॉकेट से एक लैंडर भेजा है, जिसके चार से छह महीने में चंद्रमा की सतह पर पहुंचने की उम्मीद है। जाक्सा की ओर से जानकारी दी गयी कि लॉन्च के 13 मिनट बाद रॉकेट ने एक्स-रे इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नामक एक उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया, जो आकाशगंगाओं के बीच स्थित



चीजों की गति और संरचना को मापेगा। इससे मिली जानकारी यह अध्ययन करने में मदद करेगी कि आकाशीय पिंडों का निर्माण कैसे हुआ। साथ ही उम्मीद है कि ब्रह्मांड का निर्माण कैसे हुआ, इस रहस्य को सुलझाने में भी मदद मिल सकती है।

राइस स्पेस इंस्टीट्यूट के निदेशक डेविड अलेक्जेंडर ने कहा कि यह मिशन गर्म प्लाज्मा या ब्रह्मांड के अधिकांश हिस्से को बनाने वाले अत्यधिक गर्म पदार्थ के गुणों के बारे में जानकारी देने के लिए महत्वपूर्ण है। प्लाज्मा का उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, जिसमें घावों को ठीक करना, कंप्यूटर चिप्स बनाना और पर्यावरण को साफ करना शामिल है।

## पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच गोलीबारी, तोरखम बॉर्डर सील

**इस्लामाबाद/काबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जोरदार गोलीबारी से सीमा पर तनाव बढ़ गया है। इस कारण पाकिस्तान और अफगानिस्तान को जोड़ने वाला तोरखम बॉर्डर सील कर दिया गया है। इससे दोनों देशों के बीच तोरखम बॉर्डर से आवाजाही ठप हो गई है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानी तालिबान लड़ाकों के बीच जबर्दस्त गोलीबारी हो रही है। सीमा पर एक चेकपोस्ट के निर्माण को लेकर विवाद के कारण पाकिस्तानी सेना और तालिबान लड़ाकों के बीच गोलीबारी शुरू हुई, जो रुकने का नाम नहीं ले रही है। गोलीबारी लगातार जारी रहने के कारण मंगलवार को अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तोरखम बॉर्डर को सील कर दिया गया है। तोरखम सीमा चौकी सील किये जाने से आवाजाही बंद हो गयी है। अधिकारी यह भी नहीं बता पा रहे हैं कि सीमा फिर से कब खुलेगी।

तोरखम सीमा चौकी अफगानिस्तान के जलालाबाद से



लगभग 69 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व और पाकिस्तान के पेशावर से लगभग 42 किमी पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में है।

आए दिन वहां होने वाले विवाद को देखते हुए माना जा रहा है कि सीमा के आसपास अवरोधक स्थापित करने के साथ अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा समग्र रूप से सुरक्षा उपाय बढ़ाने की बात भी सामने आई है। फिलहाल इस गोलीबारी के कारण परिवहन और व्यापार में व्यवधान की संभावना है। चेकपॉइंट के माध्यम से माल परिवहन करने वाले व्यापारियों को सामान की आवाजाही में विलंब का सामना करना पड़ रहा है। मौजूदा स्थितियों से अफगान और पाकिस्तानी बलों के बीच आगे भी झड़पें संभव हैं, जिससे अतिरिक्त सीमा बंद होने की संभावना भी जताई गयी है।

## 'कैपिटल हिल के उपद्रवियों को माफ कर दूंगा', राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रामास्वामी ने न्यायपालिका को कोसा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

जनवरी को शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले लोगों को बिना जमानत जेल



में डाल दिया गया है। बाइडन सरकार के अन्याय विभाग ने 1000 से अधिक शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है, जो हमारी न्याय व्यवस्था के आधारभूत सिद्धांतों पर काला धब्बा है। रामास्वामी ने कहा कि इस देश को एकजुट करने के लिए बतौर राष्ट्रपति मैं उन सभी अमेरिकी नागरिकों को माफ कर दूंगा, जिन्हें राजनीतिक संघवाद के चलते निशाना बनाया गया और जिन्हें प्रक्रिया के खिलाफ जाकर प्रताड़ित किया गया। इनमें 6 जनवरी 2021 के सभी शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी शामिल हैं, जिन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करने की भी अनुमति नहीं दी गई।

**क्या है 6 जनवरी 2021 का विवाद**

बता दें कि अमेरिकी संसद और उसके आसपास के इलाके को कैपिटल हिल कहा जाता है। अमेरिका में 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप को डेमोक्रेट नेता जो बाइडन के सामने हार का सामना करना पड़ा था। ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने चुनाव नतीजों में धांधली का आरोप लगाते हुए अपने समर्थकों से एकजुट होने की अपील की। इसके बाद छह जनवरी 2021 को करीब दो हजार लोग कैपिटल हिल इलाके में एकजुट हुए और आरोप है कि ट्रंप के उकसावे वाले बयान के बाद भीड़ ने कैपिटल हिल पर हमला बोल दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी बैरिकेड तोड़कर अमेरिकी संसद में घुस गए। घटना के समय कई बड़े नेता और अधिकारी कैपिटल हिल में मौजूद थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने किसी तरह प्रदर्शनकारियों को कैपिटल हिल से बाहर निकाला।

**ट्रंप को भी माफ करने की बात कह चुके हैं**

बता दें कि विवेक रामास्वामी इससे पहले अपने एक बयान में डोनाल्ड ट्रंप को भी माफ करने की बात कह चुके हैं। रामास्वामी ने कहा था कि अगर डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनते हैं तो मैं डोनाल्ड ट्रंप को वोट दूंगा लेकिन अगर मैं राष्ट्रपति बनता हूं तो मैं देश को एकजुट रखने के लिए ट्रंप को माफ कर दूंगा। विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता में लगातार इजाफा देखा जा रहा है और यही वजह है कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप के बाद सबसे ज्यादा 15 फीसदी समर्थन विवेक रामास्वामी को मिला है।

## कोविड-19 के इलाज के दौरान बदल गया बच्चे के आंखों का रंग

**बैंकॉक।** कोविड-19 के इलाज के दौरान एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसमे मेडिकल साइड इफेक्ट के कारण बच्चे के आंखों का रंग ही बदल गया। दरअसल, यह घटना थाईलैंड की है, जहां एक छह महीने बच्चे को एक दिन बुखार और खांसी के बाद उसमें कोविड के लक्षण मिले। इसके बाद बच्चे को तीन दिन के लिए फेविपिराविर दवाई दिया गया, जिससे बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार आया।

हालांकि, इलाज के 18 घंटे बाद बच्चे की मां ने देखा कि उसके बच्चे की आंखो का रंग बदल गया।

बच्चे के आंखों का रंग हल्का भूरा था जो इलाज के बाद नीले रंग में बदल गया। इसे देखते हुए डॉक्टर ने इलाज रोक दिया और फेविपिराविर को पांच दिन तक बंद करने के बाद बच्चे के आंखो का रंग फिर से अपने मूल रूप में आ गया।

बाल रोग विशेषज्ञों ने



फेविपिराविर के कारण आंखों के रंग में हुए बदलाव के बाद थेरेपी बंद करने की सलाह दी। इसके बंद करने के पांच दिन बाद कॉर्निया अपने मूल रूप में आ गया। साल 2021 में भारत में भी एक ऐसी घटना सामने आई थी, जहां फेविपिराविर के कारण 20 वर्षीय एक व्यक्ति की गहरे भूरे रंग की आंखें चमकीली नीले रंग में बदल गई थी। साल 2022 में थाईलैंड की सरकार ने कोविड-19 के इलाज के लिए इसके इस्तेमाल की अनुमति दी थी। इसे बच्चों में हल्के से मध्य लक्षणों के इलाज के लिए उपयोग किया जाता है।